

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, मंगलवार, 23 सितम्बर 2025 ■ आश्विन शुक्ल पक्ष-2 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-176 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 24 सितम्बर 2025 ■ मूल्य 2.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### दिल्ली सीएम की चेतावनी- 'मेरी फोटो वाले पोस्टर लगाने की गुस्ताखी न करें'



नई दिल्ली, 23 सितम्बर। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को राजधानी में स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेते हुए दिल्लीवासियों से अपील की कि वे शहर को साफ-सुथरा रखने में सहयोग करें। सीएम ने साफ कहा कि संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की किसी भी घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से राजनीतिक कार्यकर्ताओं को चेतावनी दी कि वे किसी भी सार्वजनिक स्थान पर पोस्टर चिपकाने या दीवारों पर लिखावट करने से बचें। उन्होंने कहा, फ्दीवारों पर पोस्टर लगाने या लिखावट करने से हमारी प्यारी दिल्ली की सुंदरता बिगड़ती है। यह शहर हम सबका है और इसे स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी है। रेखा गुप्ता ने लोगों से अपील की कि वे सरकारी और निजी संपत्ति की सुरक्षा को प्राथमिकता दें और राजधानी को स्वच्छ, सुंदर और हरा-भरा बनाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि मैं विशेष रूप से राजनेताओं से आग्रह करती हूं कि संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की कोई भी कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मेरी फोटो वाले पोस्टर लगाने की हिम्मत न करें।

### भारत को बेरोजगारी, वोट चोरी से मुक्त करना ही सबसे बड़ी देशभक्ति : राहुल



नई दिल्ली, 23 सितम्बर। वोट चोरी को लेकर कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लगातार आक्रामक रुख अख्तियार किये हुए हैं. इसी बीच उन्होंने अब वोट चोरी का कनेक्शन बेरोजगारी से जोड़ते हुए बीजेपी सरकार पर निशाना साधा है. राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट की जिसमें युवाओं और पुलिस प्रशासन की झड़प दिखाई दे रही है. साथ ही इस वीडियो में केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा गया है. खासकर पीएम मोदी पर. राहुल गांधी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, भारत में युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है और इसका सीधा रिश्ता वोट चोरी से है.

### पंचतत्व में विलीन हुए जुबिन गर्ग



नई दिल्ली, 23 सितम्बर। सिंगर जुबीन गर्ग अब इस दुनिया में नहीं रहे. 23 सितंबर को उनका राजकीय सम्मान और 21 तोपों की सलामी के साथ अंतिम संस्कार किया गया. जुबीन का अंतिम संस्कार उनकी छोटी बहन पाल्मी बोरठाकुर ने किया. उनके अंतिम संस्कार में जन सैलाब उमड़ा. जुबीन की पत्नी पार्थिव शरीर के पास हाथ जोड़े बैठे और फूट-फूटकर रोती नजर आई. जुबीन को अलविदा कहने के लिए उनके डॉग भी पहुंचे. वो पत्नी के साथ ताबूत तक गए. मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा और केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू भी जुबीन के अंतिम संस्कार में पहुंचे. खबरें हैं कि शमशान में जुबीन गर्ग के फैन्स ने उनका फेमस गाना 'Mayabini' गाते रहे. बता दें कि, जुबीन का 19 सितंबर को सिंगापुर में निधन हो गया था.

## कोलकाता में बारिश का तांडव, 7 की मौत, हावड़ा स्टेशन में भरा पानी, डूब गई मेट्रो

कोलकाता, 23 सितम्बर। कोलकाता और उसके आसपास के क्षेत्रों में रातभर भारी बारिश हो रही है. मंगलवार सुबह से हो रही भारी बारिश की वजह से कई इलाकों में जलभराव हो गया. पानी कई घरों और आवासीय परिसरों में घुस गया, सड़कों पर जलभराव की स्थिति पैदा हो गई. जलभराव की वजह से रेल, सड़क, और मेट्रो ट्रैफिक बाधित हो गया. कोलकाता नगर निगम के अनुसार, गरिया कमदहारी में कुछ ही घंटों में 332 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि जोधपुर पार्क में 285 मिमी बारिश हुई. भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पूर्वी हिस्से में कम दबाव का क्षेत्र बनने के कारण दक्षिण बंगाल के कई जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है.



### 40 साल बाद ऐसी बारिश

कोलकाता में बारिश ने सारी हदें पार कर दी हैं. चालीस साल बाद ऐसी बारिश हुई है. कोलकाता के अलीपुर में पिछले चार दशकों में सितंबर के एक दिन में इतनी भारी बारिश नहीं देखी गई थी. भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, इस बार 24 घंटे में 251.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जो सितंबर में चौंकाने वाला है. इससे पहले ऐसी भारी बारिश सितंबर 1978 में 28 सितंबर को 370 मिलीमीटर और 26 सितंबर 1986 को 260 मिलीमीटर दर्ज की गई थी. इस बार की बारिश ने शहर में जलभराव और यातायात व्यवधान पैदा कर दुर्गा पूजा के उत्सव को प्रभावित किया है.

### हावड़ा-सियालदह यार्ड में भरा पानी

लगातार बारिश की वजह से हावड़ा और सियलदह स्टेशन का यार्ड में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है. जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए स्टेशन यार्ड के पास पानी के पंप की व्यवस्था की गई है. भारी बारिश के कारण ट्रैक पर जलभराव होने से पूर्वी रेलवे के हावड़ा और कोलकाता टर्मिनल स्टेशनों से आने-जाने वाली ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुई हैं. सर्कुलर रेलवे लाइन में भी चितपुर यार्ड में जलभराव के कारण ट्रेन संचालन निलंबित कर दिया गया है.

कोलकाता में कल देर रात से हो रही भारी बारिश के कारण मंगलवार को विभिन्न इलाकों में सड़कों और घरों के बाहर भारी जलभराव हो गया, अब तक की बारिश में कम चार लोगों की मौत हो गई. कोलकाता पुलिस के अनुसार, मृतकों में से एक की पहचान 60 वर्षीय जितेंद्र सिंह के रूप में हुई है, जिनकी आज सुबह लगभग 5.15 बजे हुसैन शाह रोड पर बिजली का करंट लगने से मौत हो गई. मरने वालों में बेनियापुकुर के फिरोज अली खान (50), नेताजी नगर के प्राणतोष कुंडू (62) और एकबलपुर की मुमताज बीबी (70) शामिल हैं. दो और लोगों के करंट लगने से मौत की पुष्टि हुई है. कोलकाता में मंगलवार को देर रात से हो रही भारी बारिश के कारण सड़कों और विभिन्न इलाकों में घरों के बाहर भारी जलभराव हो गया. कोलकाता पुलिस के अनुसार, मृतकों में से एक की पहचान 60 वर्षीय जितेंद्र सिंह के रूप में हुई है, जो आज सुबह लगभग 5.15 बजे हुसैन शाह रोड पर बिजली के झटके से मारे गए. उन्हें एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया. दूसरे मृतक की पहचान तुरंत नहीं हो सकी.

## खेत से मूंगफली खाया तो पिता-पुत्र को बोलेरो से कुचला, तड़प-तड़पकर गई जान

### बाइक से लौट रहे थे, टक्कर से उछलकर 10 फीट दूर गिरे

सूरजपुर, 23 सितम्बर। सूरजपुर जिले में खेत में मूंगफली खाने को लेकर हुए झगड़े के बाद आरोपियों ने बोलेरो गाड़ी से बाइक सवार पिता-पुत्र को कुचल दिया, जिससे दोनों की मौके पर मौत हो गई। हादसे में परिवार का एक और बेटा गंभीर रूप से घायल हुआ है। घटना रामानुजनगर थाना क्षेत्र के तिवरागुड़ी गांव की है, जहां दो रिश्तेदारों के खेत पास-पास हैं। दोनों परिवारों ने मूंगफली की फसल बोई थी। आरोप है कि एक पक्ष के बच्चे पर दूसरे के खेत से मूंगफली तोड़ने का शक हुआ, जिससे विवाद शुरू हुआ। कहासुनी मारपीट में बदल गई और मामला थाने तक पहुंचा। थाने में भी दोनों पक्षों में तनातनी रही। थोड़ी देर बाद नकना चौक के पास ओमप्रकाश सोनवानी और उनके साथियों ने बोलेरो से बाइक से लौट रहे त्रिवेणी रवि और उनके बेटे को टक्कर मार दी। हादसे का वीडियो भी सामने आया है। घटना में दोनों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य बेटा गंभीर रूप से घायल है और अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**मूंगफली उखाड़कर खाने का आरोप लगाते हुए पीटा :** घटना 22 सितंबर की रात 11 बजे की है। जानकारी के मुताबिक, तिवरागुड़ी निवासी त्रिवेणी रवि ने अपने खेतों में मूंगफली बोई थी जो तैयार हो गया है। खेतों की रखवाली के लिए उनका छोटा बेटा करण रवि (16 साल) सोमवार शाम गया था और खेत के किनारे बैठकर मूंगफली खा रहा था। उनके रिश्तेदार नर्मदा सोनवानी ने भी पास के खेत में मूंगफली बोई थी। शाम को नर्मदा सोनवानी और उसके दोनों बेटे बोलेरो से खेत के पास पहुंचे और करण रवि पर मूंगफली उखाड़कर खाने का आरोप लगाकर उसकी पिटाई कर दी।

**पिता और दोनों बेटों से मारपीट:** करण रवि को नर्मदा सोनवानी और उसके दोनों बेटों ने रॉड से पीटा और उसका फोन तोड़ दिया। बीच-बचाव के लिए आए करण रवि के पिता त्रिवेणी रवि और उसके भाई राजा बाबू से भी मारपीट की गई। इससे तीनों को चोटें आईं। तीनों ने इसकी सूचना रामानुजनगर थाने में दी। सूचना पर रामानुजनगर पुलिस गांव में पहुंची और त्रिवेणी रवि सहित उसके दोनों बेटों को लेकर थाने पहुंचे। नर्मदा सोनवानी और उसके बेटों को भी थाने बुलाया गया। थाने में भी दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। जिसके बाद नर्मदा सोनवानी के बड़े बेटे ओमप्रकाश ने त्रिवेणी एवं उसके बेटों को बोलेरो चढ़ाकर मार डालने की धमकी दी।



### थाने से लौट रहे पिता-पुत्रों को कुचला

रात करीब 11 बजे त्रिवेणी रवि एवं उसके दोनों बेटे बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में नकना चौक के पास बोलेरो सवार ओमप्रकाश एवं अन्य ने उनके ऊपर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की। इसकी सूचना उन्होंने रामानुजनगर थाने को दी, लेकिन आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने कथित रूप से यह कहकर फोन काट दिया कि वे पुलिसकर्मियों को वेतन नहीं देते। परिजनों ने बताया कि रास्ते में एक बार और बाइक सवारों पर बोलेरो चढ़ाने की कोशिश की, लेकिन वे बचकर निकल गए। बाइक सवार घर के पास पहुंचे ही थे, तभी पीछे से तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

### पिता-पुत्र की मौत छोटा बेटा घायल

तीनों को परिजनों ने जिला अस्पताल सूरजपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने त्रिवेणी रवि (41 साल) एवं बड़े बेटे राजा बाबू (21 साल) को मृत घोषित कर दिया गया। करण रवि को सूरजपुर जिला अस्पताल में दाखिल किया गया है। उसे गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना पर रामानुजनगर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। वे घटना के बाद भाग निकले।



नवरात्र में माँ बम्लेश्वरी के दरबार जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी

## रायपुर से डोंगरगढ़ तक निःशुल्क बस सेवा की हुई शुरुआत

■ मुख्यमंत्री साय ने 4 बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



रायपुर, 23 सितम्बर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर शहर के आकाशवाणी चौक स्थित माँ काली मंदिर से डोंगरगढ़ तक निःशुल्क बस सेवा का शुभारंभ किया। रायपुर से मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ जाने वाले श्रद्धालुओं को इस बस सेवा का निःशुल्क लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कालीमाता सेवा समिति की इस पहल की सराहना करते हुए समिति के पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मां काली और मां बम्लेश्वरी से छत्तीसगढ़ में खुशहाली, समृद्धि और शांति की कामना की। साथ ही सभी प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्र की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं।

माँ काली सेवा समिति द्वारा संचालित यह निःशुल्क बस सेवा पूरे नवरात्र पर्व के दौरान नौ दिनों तक लगातार चलेगी। इस सेवा के तहत प्रतिदिन चार बसें रायपुर से श्रद्धालुओं को डोंगरगढ़ तक ले जाएँगी और उन्हें दर्शन के उपरांत वापस रायपुर लाएँगी। मुख्यमंत्री ने आज चार बसों में लगभग दो सौ महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के प्रथम जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बसों को हरी झंडी दिखाते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कालीमाता सेवा समिति पिछले दस वर्षों से निस्वार्थ सेवा भाव से प्रत्येक नवरात्र में प्रतिदिन चार बसों से श्रद्धालुओं को माँ बम्लेश्वरी के दर्शन हेतु ले जाती है। यह न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता का जीवंत उदाहरण भी है। उन्होंने कहा कि नवरात्र के अवसर पर देवी मंदिरों में दर्शन की लालसा हर सनातनी के मन में होती है। माँ के दर्शन की कल्पना मात्र से ही मन में दिव्य ऊर्जा का संचार होता है। लेकिन कई बार परिस्थितिवश हर कोई दूर स्थित देवी स्थलों तक नहीं पहुँच पाता। ऐसे में यह बस सेवा श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। माँ बम्लेश्वरी के दरबार तक पहुँच श्रद्धालुओं के लिए अब और सुगम हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बस सेवा से समिति ने माँ बम्लेश्वरी के दर्शन का मार्ग प्रशस्त करने के साथ ही सेवा, समर्पण और समावेशिता का प्रेरक संदेश भी दिया है। मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि हाल ही में राजिम से रायपुर तक मेमू ट्रेन का भी शुभारंभ किया गया है। इससे छत्तीसगढ़ की कुंभनगरी राजिम के श्रद्धालुओं को माँ बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए और अधिक सुविधा होगी। उन्होंने इस पहल के लिए कालीमाता सेवा समिति से जुड़े श्रीचंद सुंदरानी, दीपक भारद्वाज और सभी पदाधिकारियों को साधुवाद दिया। इस अवसर पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समिति से एक बस कवर्धा से डोंगरगढ़ तक चलाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे, विधायक सुनील सोनी एवं पुरंदर मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## सपा नेता आजम खान 23 महीने बाद जेल से रिहा, बेटे पहुंचे लेने

### यूपी के सीतापुर में कार्यकर्ताओं की 73 गाड़ियों का चालान कटा

सीतापुर, रामपुर, 23 सितम्बर। सपा नेता आजम खान 23 महीने बाद सीतापुर जेल से मंगलवार दोपहर रिहा हो गए। 5 दिन पहले हाईकोर्ट ने उन्हें बीयर बार पर कब्जे से जुड़े केस में जमानत दी थी। यह आखिरी मामला था, जिसमें उन्हें जमानत मिली। हालांकि, जमानत मिलते ही पुलिस ने शत्रु संपत्ति मामले में नई धाराएं जोड़ दीं। 20 सितंबर को रामपुर कोर्ट ने ये धाराएं खारिज कर दीं, जिससे रिहाई का रास्ता साफ हो गया। आजम पर 104 केस दर्ज हैं।



दोनों बेटे अदीब और अब्दुल्ला उन्हें लेने पहुंचे। वे 100 गाड़ियों के काफिले के साथ यहां से रामपुर के लिए रवाना हो गए। आजम की रिहाई सुबह 9 बजे होनी थी, लेकिन एक केस में 6 हजार जुर्माना नहीं भरा गया था। 10 बजे कोर्ट खुलने पर यह रकम जमा हुई। इसके बाद 12.30 बजे उनकी रिहाई हुई।

**400 कार्यकर्ता लेने पहुंचे, 73 गाड़ियों का चालान कटा:** आजम काला चश्मा, काली सदरी और सफेद कुर्ता पहने कार में ही बैठकर जेल से बाहर आए। हाथ हिलाकर समर्थकों का अभिवादन किया। उन्हें लेने के लिए मुरादाबाद सांसद रुचि वीरा और 400 से ज्यादा कार्यकर्ता पहुंचे। पुलिस ने 73 कार्यकर्ताओं की गाड़ियों का चालान भी काटा। कहा- ये सब नो पार्किंग जोन में खड़ी थीं।

## बस्तर रथ के कारीगरों ने युवक को घसीटकर पीटा

■ दारू पीने-बिरयानी खाने से भड़के, रस्सी से बांधकर लात-घूंसे मारे, जोगी बिठाई रस्म से पहले हुई वारदात

जगदलपुर, 23 सितम्बर। जगदलपुर में बस्तर दशहरा के लिए रथ निर्माण के दौरान कारीगरों ने एक शराबी युवक को घसीट-घसीटकर पीटा है। कारीगरों ने युवक को रस्सी से बांधा, खींचकर बाहर लाए और जमकर लात घूंसे बरसाए। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

बस्तर दशहरा के लिए रथ बनाने वाले कारीगर युवक को पीट रहे हैं। मौके पर मौजूद लोग वीडियो बना रहे हैं। वीडियो में दिख रहा है कि पीले कलर की रस्सी से युवक को बांधकर रखे हैं। इसके बाद सभी लोग पीट रहे हैं।



### ये है पूरा मामला ?

दरअसल, 22 सितंबर की रात सिरहासार भवन में नशे की हालत में एक युवक आया। सिरहासार भवन में बैठकर शराब पीकर बिरयानी खाने लगा। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने शराबी की इस हरकत का विरोध किया, लेकिन शराबी युवक मान नहीं रहा था। इसके बाद बस्तर दशहरा के लिए रथ निर्माण करने वाले कारीगरों ने युवक को रस्सी से बांध दिया। खींचकर बाहर लाए और खूब पीटा। कारीगरों ने नशेड़ी युवक को घसीट-घसीटकर लातों से पीटा। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

**नशे में धुत युवक की हरकत से भड़के कारीगर:** स्थानीय लोगों के मुताबिक नशे में धुत युवक की हरकतों से कारीगर भड़क गए थे। सिरहासार भवन के अंदर बस्तर दशहरा के लिए जोगी बिठाई रस्म होगी। भवन में रथ निर्माण के औजार भी रखे हुए हैं। वहीं बस्तर दशहरा के रथ को आस्था का प्रतीक माना जाता है। भवन में अन्य रस्में भी अदा की जाएंगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना की जानकारी फौरन सिटी कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शराबी युवक को पकड़कर थाने लेकर आ गई। इसके बाद मामला शांत हुआ। युवक कौन है और वहां कैसे पहुंचा पुलिस पूछताछ कर रही है।

गिरावट | रिकॉर्ड ऑल टाइम लो पर आया, विदेशी सामान महंगे होंगे

## डॉलर के मुकाबले 10 पैसे गिरकर 88.49 पर पहुंचा रुपया

नई दिल्ली, 23 सितम्बर। रुपया आज (23 सितंबर) डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। सुबह के कारोबार में रुपया 88.49 तक लुढ़क गया, जो दो हफ्ते पहले के ऑल टाइम लो (88.46) को पार कर गया। सुबह रुपया 10 पैसे की गिरावट के साथ 88.41 प्रति डॉलर पर खुला। सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे की गिरावट के साथ 88.31 पर बंद हुआ था। ये गिरावट तब हुई जब एशियाई बाजारों में डॉलर में थोड़ी सी कमी आई थी। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, रुपए में इस गिरावट की वजह एशियन करेंसी की कमजोरी और अमेरिकी डॉलर का मजबूत होना है। ऊपर से अमेरिकी टैरिफऔर एच1बी वीजा फीस बढ़ाकर 1 लाख डॉलर किया जाना है। इस वजह से रुपए पर दोहरी मार पड़ी है।



### 2025 में अब तक रुपया 3.25% कमजोर हुआ

रुपया 2025 में अब तक 3.25त्न कमजोर हो चुका है। 1 जनवरी को रुपया डॉलर के मुकाबले 85.70 के स्तर पर था, जो अब 88.49 के लेवल पर पहुंच गया है। करेंसी एक्सपर्ट्स का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई नीतियां भी रुपये पर भारी पड़ रही हैं।

हाल ही में अमेरिकी प्रशासन ने भारतीय गुड्स पर टैरिफ बढ़ाया है और एच1बी वीजा फीस 1 लाख डॉलर कर दी है। इससे न सिर्फ भारत के एक्सपोर्ट कॉस्ट बढ़े हैं बल्कि ढ्ढञ्ज सेक्टर पर भी सीधा असर पड़ सकता है।

### करेंसी की कीमत कैसे तय होती है?

» डॉलर की तुलना में किसी भी अन्य करेंसी की वैल्यू घटे तो उसे मुद्रा का गिरना, टूटना, कमजोर होना कहते हैं। अंग्रेजी में करेंसी डेप्रिसिएशन कहते हैं। हर देश के पास फॉरेन करेंसी रिजर्व होता है, जिससे वह इंटरनेशनल ट्रांजैक्शन करता है। फॉरेन रिजर्व के घटने और बढ़ने का असर करेंसी की कीमत पर दिखता है।

» अगर भारत के फॉरेन रिजर्व में डॉलर, अमेरिका के रुपए के भंडार के बराबर होगा तो रुपए की कीमत स्थिर रहेगी। हमारे पास डॉलर घटे तो रुपया कमजोर होगा, बढ़े तो रुपया मजबूत होगा। इसे फ्लोटिंग रेट सिस्टम कहते हैं।

### इम्पोर्ट करना महंगा होगा

रुपए में गिरावट का मतलब है कि भारत के लिए चीजों का इम्पोर्ट महंगा होना है। इसके अलावा विदेश में घूमना और पढ़ना भी महंगा हो गया है। मान लीजिए कि जब डॉलर के मुकाबले रुपए की वैल्यू 50 थी, तब अमेरिका में भारतीय छात्रों को 50 रुपए में 1 डॉलर मिल जाता था। अब 1 डॉलर के लिए छात्रों को 88.49 रुपए खर्च करने पड़ेंगे। इससे फीस से लेकर रहना और खाना और अन्य चीजें महंगी हो जाएंगी।

स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की जान से खिलवाड़

## 'फार्मासिस्ट' की जगह रखरखाव सहयोगी बांट रही दवा, लापरवाही का वीडियो वायरल

राजिम, 23 सितम्बर। गरियाबंद जिले के कौंदकेरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है। यहां बिना मेडिकल डिग्री वाली युवती खुलेआम मरीजों को दवाई बांटती नजर आई। वीडियो वायरल होते ही स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। दरअसल, वीडियो में दिख रही युवती भावना निषाद को जीवन दीप समिति ने अस्पताल में रखरखाव सहयोगी के रूप में नियुक्त किया है, लेकिन वे सीधे फार्मेसी डेस्क पर बैठकर मरीजों को दवा थमा रही हैं। वहीं असली फार्मेसिस्ट भावना चंद्राकर उस वक्त ड्यूटी से नदारद रहीं।

**नियमों के खिलाफ लापरवाही:** इस पूरे मामले पर चिकित्सक डॉ. विद्यावती बंजारे ने कहा- यह गंभीर लापरवाही है, फार्मेसिस्ट के बिना मरीजों को दवा देना नियमों के खिलाफ है। वहीं BMO राजिम डॉ. वीरेंद्र हिरौंदीय ने साफ कहा ङ्क फार्मेसिस्ट की मौजूदगी में सहयोग करना ठीक है, लेकिन उनके गैरमौजूदगी में दवा बांटना जांच का विषय है। कार्यवाही होगी।

**मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़? :** मामले पर स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की इस लापरवाही ने मरीजों की जान से खिलवाड़ किया है। डॉक्टर और फार्मेसिस्ट बनने के लिए जहां सालों की पढ़ाई, इंटर्नशिप और डिग्री जरूरी होती है, वहीं यहां बिना योग्यता वाला स्टाफ दवा बांट रहा है। लोगों का तंज है कि अगर ऐसे ही हाल रहे तो जल्द ही अस्पतालों में 'यूट्यूब डॉक्टर' और 'व्हाट्सऐप नुस्खा विशेषज्ञ' ही मरीजों का इलाज करते दिखेंगे। वीडियो वायरल होने के बाद अब देखना होगा कि स्वास्थ्य विभाग इस मामले में महज जांच की फाइल खोलेगा या फिर जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई भी होगी।



एक नजर

### जिला शिक्षा अधिकारी ने विभिन्न स्कूलों का किया निरीक्षण



**दुर्ग, 23 सितम्बर ।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी श्री अरविंद कुमार मिश्रा ने आज विकासखंड पाटन के शासकीय प्राथमिक शाला अटारी, पीएमश्री पूर्व माध्यमिक शाला अखरा, प्राथमिक शाला सिकोला, पूर्व माध्यमिक शाला सिकोला एवं हाई स्कूल सिपकोना तथा विकासखंड दुर्ग के सेजस हिंदी मध्यम विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पूर्व माध्यमिक शाला सिकोला के विद्यालय परिसर में उगे हुए घास को बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से तत्काल साफ करने निर्देश दिए। सभी विद्यालयों में संचालित मध्यान भोजन की व्यवस्था का अवलोकन कर साफ सफाई एवं गुणवत्ता पर विशेष रूप से ध्यान देने को कहा गया। साथ ही सप्ताह में कम से कम तीन दिन हरी सब्जी मीनू में अनिवार्यता शामिल करने कहा गया। हाई स्कूल सिपकोना एवं सेजस उतई में प्रायोगिक कक्षाओं के नियमित संचालन नहीं होने के कारण नाराजगी व्यक्त करते हुए नियमित प्रायोगिक कार्य करने के निर्देश दिए गए। सेजस उतई में समय सारणी तैयार की गई है जिसमें मात्र कालखंड एवं विषय अंकित किया गया है उक्त समय सारणी में न ही विद्यालय का समय और ना ही कालखंडों के लगने समय अंकित किया गया है, जिस पर प्राचार्य पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कारण बताओ सूचना जारी की गई।

विद्यालयों के निरीक्षण उपरांत विकासखंड पाटन में आयोजित संकुल समन्वयको की बैठक में उपस्थित होकर विद्यालय निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों व अनियमिताओं से अवगत कराते हुए शाला अवलोकन के दौरान किन-किन पहलुओं को विशेष रूप से ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है बताया गया। साथ ही स्कूल शिक्षा मंत्री द्वारा विभाग समीक्षा बैठक के दौरान दिए गए समस्त निर्देशों से अवगत कराया गया तथा स्कूल शिक्षा मंत्री जी के मंशा अनुरूप समय सीमा में समस्त निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया।

### पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से लोगों को मिल रहा जबर्दस्त लाभ

**दुर्ग 23 सितम्बर ।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना योजना के तहत दुर्ग जिले के लोग न केवल बिजली के भारी बिलों से छुटकारा पा रहे हैं, बल्कि अतिरिक्त यूनिट ग्रिड में बेचकर आमदनी भी प्राप्त कर रहे हैं। यह योजना आम लोगों के लिए सोलर पैनल लगवाना पहले से कहीं ज़्यादा आसान और किफायती बन रही है, जिसके पीछे केंद्र और राज्य सरकार की भारी सब्सिडी का अहम योगदान है।इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने पर केंद्र और राज्य दोनों की तरफ से अधिकतम 1.08 लाख तक की सब्सिडी दे रही है. इस सब्सिडी से लोगों पर आर्थिक बोझ नहीं पड़ रहा। सोलर पैनल एक बार का निवेश है, जो सालों तक बिना किसी रखरखाव के काम करता है, जिससे उपभोक्ताओं को लंबे समय तक फायदा होता है। विगत दिवस स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेंद्र यादव ने इस योजना के प्रचार के लिए एक सूर्य रथ को हरी झंडी दिखाई। इस रथ का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है कि वे कैसे अपने घरों की छतों पर सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित कर सकते हैं और बिजली के भारी बिलों से मुक्ति पाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान कर सकते हैं। दुर्ग जिले के कई परिवारों ने इस योजना का लाभ उठाया है। रसमड़ा निवासी श्री ओमप्रकाश साहू, धनोरा के राजीव दंडोना, भिलाई निवासी श्री डीके वर्मा जैसे कई लोगों ने अपनी छतों पर सोलर पैनल लगाकर अत्यधिक बिजली बिल चुकाने से मुक्ति पाई है। यह योजना सभी वर्गों के लिए है और इसके अंतर्गत अब आम नागरिक बिना किसी बड़ी लागत के अपने घरों को रौशन कर सकते हैं।कोहका, भिलाई निवासी श्री अमित जायसवाल ने 3 किलोवाट का सोलर पैनल सिस्टम लगाया है. उन्होंने बताया कि पहले उनका बिजली बिल 7000 से 8000 रूपए आता था। सोलर पैनल लगवाने के बाद उनका बिल घटकर सिर्फ 500-600 रूपए आता है। उन्होंने बैंक ऑफ बड़ौदा से 7 प्रतिशत वार्षिक दर पर 1.90 लाख का लोन लिया था। उन्हें केंद्र सरकार से 78,000 हजार और राज्य सरकार से 30,000 रूपए की सब्सिडी भी मिली है। जुलाई से उनका सोलर पैनल काम कर रहा है। राज्य सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस पहल से न केवल लोगों को आर्थिक राहत मिल रही है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

# इंटर स्कूल प्रतियोगिता:हिंदी व अंग्रेजी स्लोगन में शालिनी,नीलिमा,चित्रकला में अविहाश रहे प्रथम






रिसाली,23 सितंबर। स्वच्छता ही सेवा के पखवाड़ा के तहत रिसाली नगर पालिक निगम ने इंटर स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन किया। मैत्रीविद्या निकेतन रिसाली में निबंध लेखन, चित्रकला और स्लोगन में 50 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। वहीं महिलाएं रंगोली प्रतियोगिता में शामिल हुई।

निगम आयुक्त मोनिका वर्मा के मार्गदर्शन में हुए प्रतियोगिता में शा. विद्यालय नेवई, स्टेशन मरोदा, टंकी मरोदा, रिसाली आत्मानंद हिन्दी और अंग्रेजी के बच्चों ने हिस्सा लिया। स्वच्छता विषय को लेकर बच्चों ने स्लोगन में स्वच्छता पर विचार व्यक्त किया। वहीं कुछ बच्चों ने रंगो के माध्यम से केनवास पर स्वच्छता को समझाया। 60 मिनट के समय पर बच्चों ने एक से बढ़कर एक कलाकृति का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के बाद मैत्रीविद्या निकेतन में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। बच्चों की कलाकृति को सजाया गया। निर्णायक मण्डल के सद्स्य डॉ. डी.पी. देशमुख, रजनी रजक, एस.सजीव, आइरा आनंद, अरूणा धृतलहरे, विजय कश्यप ने स्लोगन, चित्रकला का अवलोकन किया।स्लोगन प्रतियोगिता में हिन्दी माध्यम में प्रथम शालिनी टंडन, द्वितीय शिखा साहू शा.पूर्व मा.शा. मरोदा टैंक कक्षा 8वी एवं तृतीय अशमीत कौर सेजस रिसाली कक्षा 8वी, अंग्रेजी माध्यम में प्रथम नीलीमा, द्वितीय कुनाल रात्रे, तृतीय तुशाल साहू सेजस रिसाली कक्षा 8वी, चित्रकला में प्रथम अविहाश, द्वितीय हर्षिता यादव, तृतीय चेतन कुमार सेजस रिसाली कक्षा 8वी रंगोली में सुरेखा साहू नेवई भाठा, द्वितीय तोमेश्वरी ठाकुर तालपुरी बी ब्लाक, तृतीय किरण गौतम एचएससीएल कॉलोनी, मैराथन पुरूष में योगेश कुमार, विश्वजीत शर्मा, गौरव तांडी, महिला में सरिता देवांगन, सारिका मेश्राम, तरसेम कौर, बच्चों में वीर कुमार द्वार्वश यादव, मानिक कुमार ने स्थान प्राप्त किया।



**कवर्धा।** श्री आदिशक्ति दुर्गा पूजा परिवार मजगांव द्वारा विराजित हरसिद्धि माता और महाकाल प्रभु एक साथ पहली बार कवर्धा के इतिहास में।

# विधायक रिकेश सेन ने की स्वदेशी स्लोगन बोर्ड शहर की हर दुकान में लगाने की अपील



**भिलाई, 23 सितंबर।** जीएसटी में सुधार के लागू होने पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने जवाहर मार्केट और लिंक रोड की हर दुकानों तक पदयात्रा कर संचालकों को टैक्स का बोझ कम होने की बधाई देते हुए कहा कि इससे उपभोक्ताओं को वस्तुएं और सेवाएं पहले से अधिक किफायती दरों पर उपलब्ध होंगी। सेन ने व्यवसायियों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में किए गए ऐतिहासिक जीएसटी सुधारों ने देश की कर (टैक्स) व्यवस्था को सरल और जनहितैषी बनाया है। राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को भी इससे नई मजबूती और गति मिलेगी जो विकसित भारत के निर्माण की दिशा में एक मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के अवसर पर प्रधानमंत्री ने व्यापारियों और उपभोक्ताओं को ऐतिहासिक सौगात दी है। यह कदम न सिर्फ व्यापार को नई गति देगा बल्कि उपभोक्ताओं को भी सीधा लाभ पहुंचाएगा। इस दौरान सर्कुलर और जवाहर मार्केट में व्यापारी संघ ने विधायक सेन और भाजपा जिला भिलाई अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन का अभिनंदन किया।

## अग्रसेन जयंती महोत्सव में शामिल हुए सांसद विजय बघेल

**भिलाई, 23 सितंबर।** खुर्सीपार अग्रवाल समाज द्वारा भगवान अग्रसेन जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, आईजी रामगोपाल गर्ग एवं अनिल अग्रवाल रायपुर रहे । समिति के संतोष अग्रवाल, रतन अग्रवाल, पवन अग्रवाल, शिरिष अग्रवाल, रामनाथ, अशोक बंसल, महेश, सुंदर गुप्ता, उमाशंकर, संतु, भगवान, मनीष, शंकर, प्रेम व महिला समिति से श्रीमती संगीता अग्रवाल, श्रीमती प्रेमा गर्ग,श्रीमती उषा , युवा मंच से श्री निखिल अग्रवाल ने किया अतिथियों का स्वागत शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। प्रातःकाल- भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।दोपहर 3 बजे-



श्री अग्रसेन की पूजन-अर्चना और आरती के पश्चात नगर में शोभायात्रा निकाली गई, जिसका विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया।रात्रि 7 बजे- सांस्कृतिक कार्यक्रम और भोजन प्रसाद का आयोजन किया गया।

### सौर ऊर्जा का लाभ उठा कर किसान बन सकते हैं ऊर्जा उत्पादक:यादव

**दुर्ग, 23 सितम्बर ।** पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना और पीएम-कुसुम योजना पर आज दुर्ग के वृन्दावन होटल में एक विस्तृत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव शामिल हुए। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों और किसानों के बीच इन योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना था, ताकि वे सौर उर्जा का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बन सके।

# आयुक्त ने मधुकामिनी उद्यान में श्रमदान एवं वृक्षारोपण कर दिलाई स्वच्छता की शपथ

**भिलाई, 23 सितंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई नेहरू नगर अंतर्गत मधुकामिनी उद्यान का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय वार्ड क्रं. 04 पार्षद चंदेश्वरी बांधे के साथ किए।

निगम आयुक्त एवं पार्षद की उपस्थिति में नेहरू नगर मधुकामिनी उद्यान में रजत जयंती एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कर श्रमदान किया गया। उपस्थित सभी अधिकारी, कर्मचारियों एवं मोहल्ले वासियों द्वारा घर, मोहल्ला, उद्यान, सार्वजनिक स्थल एवं शहर की स्वच्छता व्यवस्था में सहयोग करने शपथ लिए हैं। निगम आयुक्त, वार्ड पार्षद सहित जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, उप अभियंता बसंत देवांगन, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू, सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, पीआईयू अभिनव ठोकने, सुभम पाटनी सहित अन्य कर्मचारीगणों द्वारा लम्बे समय तक श्रमदान किया गया है। नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से आम नागरिको से अपील है कि अपने घर के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई व्यवस्था में श्रमदान कर सहयोग करें। जिससे जलजनित एवं मौसमी बिमारियों से बचा जा सके। जोन क्रमांक 04 अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा के थीम पर स्वामी आत्मांनद उत्कृष्ट हिन्दी मीडियम एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू विद्यालय में स्कूली बच्चो द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन कर स्वच्छ रहे स्वस्थ्य रहे और प्लास्टिक मुक्त के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही सफाई मित्रों का कर्मचारी राज्य बीमा निगम के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है और ईएसआईसी से मिलने वाले लाभ के बारे में बताया गया। इस दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव, सफाई मित्र एवं अन्य कर्मचारी सम्मिलित हुए।

### गजेन्द्र यादव ने सिकोलाभांठा स्कूल का निरीक्षण कर बच्चों से किया संवाद

**दुर्ग, 23 सितंबर ।** स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने आज पूर्व माध्यमिक शाला सिकोलाभांठा दुर्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्थाओं, संसाधनों और दैनिक गतिविधियों का जायजा लिया। मंत्री श्री यादव ने स्कूल प्रबंधन और विद्यार्थियों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर शिक्षा की गुणवत्ता को नजदीक से समझने का प्रयास किया।पूर्व माध्यमिक शाला सिकोलाभांठा के प्रधानाध्यापक श्री ई. रॉय ने मंत्री श्री यादव को विद्यालय के समग्र प्रबंधन और दैनिक कार्यप्रणाली से विस्तार से अवगत कराया। मंत्री ने स्कूल भवन, उपलब्ध संसाधनों, और अन्य व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा को और बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

# नगर निगम ने मकान कुर्की कर बकायादार से वसूले 155424 रुपये

**भिलाई, 23 सितंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्थित भवन/भूमियों पर बकाया राशि की वसूली हेतु नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 175 के अधीन कुर्की वारंट जारी कर कार्यवाही करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा टीम गठित किया गया है। गठित टीम द्वारा नेहरू नगर अंतर्गत शारदा क्षतिजा पता- 17/1,2 दक्षिण गंगोत्री सुपेला के मकान पर कुर्की कर सील लगाया गया। बकायादार द्वारा 1,55,424.00 रूपये जमा करने पर सील हटाया गया। इसी प्रकार शेख सुल्तान पता-कोहका रोड सुपेला, तसव्वर खान पता-लक्ष्मी नगर एवं बलविन्दर सिंह पता- पांच रास्ता सुपेला द्वारा बकाया संपत्तिकर की राशि जमा करने हेतु



समय मांगा गया है। निगम द्वारा दिये गए समय पर बकायादारों द्वारा संपत्तिकर की राशि जमा नहीं किया जाता है, तो संपत्ति पर कुर्की की कार्यवाही कर राशि वसूल किया जाएगा। विभिन्न दिवसों में सभी जोन में कुर्की की कार्रवाई की जानी है । कार्रवाई के दौरान निगम के सभी सहायक राजस्व अधिकारी गण एवं राजस्व टीम उपस्थित रहे।

# पीएम स्वनिधि योजना पुनः प्रारंभ, लगेगा लोक कल्याण मेला

**भिलाई, 23 सितंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई के राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना संचालित हो रहा है। इस योजना को शासन द्वारा पुनः प्रारंभ कर दिया गया है। इस संबंध में मिशन मैनेजर नलिनी तनेजा ने बताया कि ऋण स्लैब में कुछ बदलाव किया गया है, जिसके लिए निगम सभागार में दिनांक 23 सितम्बर को लोक कल्याण मेला का आयोजन किया गया है। मेला के माध्यम से सभी पथ विक्रेताओं को जानकारी दिया जाएगा, कि पथ विक्रेताओं को मिलने वाला लोन बढ़कर अब प्रथम लोन 15 हजार रूपये, द्वितीय लोन 25 हजार रूपये एवं




तृतीय लोन 50 हजार रूपये कर दिया गया है। पथ विक्रेता द्वारा नियमित भुगतान करने पर 7 प्रतिशत ब्याज पर सब्सिडी बैंकों द्वारा प्रदान की जाएगी। ऋण का पूर्ण भुगतान करने पर पथ विक्रेताओं को बैंक की ओर से 30 हजार रूपये लिमिट का क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी प्रदान किया जा रहा है। पीएम स्वनिधि के हितग्राही च्वाइस सेंटर के माध्यम से प्रथम लोन के लिए आवेदन भरवा सकते है एवं द्वितीय और तृतीय लोन के लिए निगम मुख्य कार्यालय के कक्ष क्रमांक 57 राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन विभाग से संपर्क कर सकते है। मिशन के नोडल अधिकारी ने समस्त पथ विक्रेताओं से अपील किए है कि सभी पथ विक्रेता इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठावें।

## आयुक्त ने स्वीकृत रोड निर्माण का किया निरीक्षण



**भिलाई, 23 सितंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक-1 नेहरू नगर अंडरब्रिज से सुपेला अंडरब्रिज तक नागरिकों के आवागमन की सुविधा के लिए स्वीकृत रोड का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा निरीक्षण किया गया। स्थल निरीक्षण पर पता चला है कि रेल्वे विभाग द्वारा वर्तमान में रोड साइड निगम स्वामित्व के भूमि पर जगह बढ़ाकर फैसिंग किया जा रहा है। इस संबंध में रेल्वे विभाग से चर्चा किया गया है। उक्त स्थल का सीमांकन कर सड़क निर्माण हेतु आगे की कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, उप अभियंता बसंत देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को मिले अतिथि व्याख्याता नीति में प्राथमिकता : देवेंद्र यादव

**भिलाई, 23 सितंबर।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा लागू की गई 'अतिथि व्याख्याता नीति-2024' में सुधार की मांग की है। विधायक यादव ने कहा कि 20 जून 2024 से लागू इस नीति में छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को अपेक्षित प्राथमिकता नहीं दी गई है। नीति के प्रावधानों के अनुसार छत्तीसगढ़ के बाहर के निवासियों को भी पात्र माना गया है, जो स्थानीय युवाओं के लिए अनुचित है। उन्होंने अपने पत्र में उल्लेख किया कि मध्यप्रदेश की उच्च शिक्षा नीति में केवल मूल निवासी ही अतिथि विद्वान पदों पर नियुक्ति के लिए पात्र माने जाते हैं। जबकि छत्तीसगढ़ में मौजूदा नीति से स्थानीय युवाओं के हितों को नुकसान पहुँच रहा है। राज्य के विभिन्न कॉलेजों में 34 पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति की जानी है, जिनमें से 15 पद अन्य राज्यों के लोगों को भी मिल सकते हैं। विधायक यादव ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि मध्यप्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी इस नीति को संशोधित कर केवल मूल निवासियों को ही पात्र माना जाए। उन्होंने कहा कि यह कदम स्थानीय शिक्षित युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करेगा और राज्य के हित में होगा।



# जनदर्शन में कलेक्टर ने समस्याएं सुनीं

**दुर्ग,23 सितंबर।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, विवाह प्रोत्साहन राशि, तालाब की साफ-सफाई, नाली निर्माण,ट्रांसफामर मरम्मत, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 88 आवेदन प्राप्त हुए।

जनदर्शन में खुर्सीपार निवासियों ने असामाजिक तत्वों की बढ़ती गतिविधियों की शिकायत की। उन्होंने बताया कि खुर्सीपार क्षेत्र के नवीन कॉलेज मैदान, उड़िया स्कूल मैदान, श्रीराम चौक ग्राउंड, आईआईटी ग्राउंड, बाल मंदिर ग्राउंड और पंप हाउस ग्राउंड (जोन-3) में देर रात शराबखोरी और असामाजिक तत्वों की बढ़ती गतिविधियों के कारण स्थानीय निवासियों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों, को रात में बाहर निकलना दूभर हो गया है। कलेक्टर ने इस पर संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को



आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।ग्राम घोठा धमधा ग्रामवासियों ने अटल ज्योति योजना के तहत लगे ट्रांसफार्मर को सुधारवाने आवेदन दिया। ग्रामवासियों ने बताया कि ग्राम घोठा का अटल ज्योति योजना के तहत लगा ट्रांसफार्मर कई दिनों से खराब हो गया है। इस संबंध में संबंधित विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस पर कलेक्टर ने बिजली विभाग को परीक्षण कर कार्यवाही करने निर्देशित किया।जुनवानी निवासियों ने तालाब की सफाई के लिए आवेदन दिया। वार्डवासियों ने बताया कि जुनवानी शीतला तालाब एवं खम्हरिया शीतला में अपने वार्डवासी दिनचर्या का कार्य करते है।

## बिजली बिल राशि ज्यादा आने से व्यापारी चिंतित

**कवर्धा, 23 सितंबर।** कबीरधाम जिले में इस महीने बिजली बिल की राशि घर एवं दुकान पहुंचते ही देखकर बिजनेसमेन दीपक चंद्रवंशी बिजनेसमैन कैलाश शर्मा , बिजनेसमैन गोपाल चंद्रवंशी ने कहा की बिजली बिल इतना ज्यादा आ रहा है चिंता की बात है घर का बजट बिगड़ गया है । पितृ पक्ष में व्यापार भी फीका रहता है और बिजली बिल इतना ज्यादा आया है फिट भी जमा करना होगा। सरकार को ऐसी नीति बनानी होगी की बिजली बिल कम आए और आर्थिक परेशानियों से निजात मिले । गांवों और शहरों में भी दबी जुबान से चर्चा चल रही है की बिजली बिल बहुत ज्यादा आया है इस महीने ।



एक नजर

## अग्निवीर परीक्षा उत्तीर्ण के लिए निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण पंजीयन 3 अक्टूबर से

**बलौदाबाजार, 23 सितंबर।** थल सेना में अग्निवीर भर्ती परीक्षा के लिखित परीक्षा उत्तीर्ण जिले के अभ्यर्थियों के लिए जिला रोजगार कार्यालय द्वारा निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक आवदेक 3 अक्टुबर 2025 तक अग्निवीर थलेसना के ऑनलाईन पंजीयन फार्म, आधार कार्ड के साथ जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार में उपस्थित होकर अपना नाम दर्ज करा सकते है। अग्निवीर योजना एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम से सम्बधित जानकारी के लिए अभ्यर्थी कार्यालय दूरभाष नम्बर 07727-299443 पर सम्पर्क कर सकते है।

## दिव्यांगता प्रमाणपत्र पंजीयन एवं कृत्रिम अंग मापन शिविर 24 को

**बलौदाबाजार, 23 सितंबर।** रजत जयंती वर्ष एवं सेवा पखवाड़ा के अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न दिव्यांगजनों हेतु दिव्यांगता प्रमाण पत्र,पंजीयन, कृत्रिम अंग एवं उपकरण मापन व चिन्हाकन शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह शिविर बुधवार 24 सितम्बर 2025 को प्रातः 11 बजे से नगर भवन बलौदाबाजार में आयोजित होगी। शिविर में दिव्यांगजनों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र (मेडिकल सर्टिफिकेट) एवं जिनका दिव्यांग प्रमाण पत्र पूर्व से बना है उनका यूडीआईडी पंजीयन किया जायेगा तथा उनको यूडीआईडी कार्ड का पीडीएफ तत्काल प्रदाय किया जाएगा।दिव्यांग प्रमाण पत्र हेतु दिव्यांगता दर्शित पासपोर्ट फोटो, आधार कार्ड एवं मोबाईल नंबर तथा युडीआईडी कार्ड के लिए उक्त दस्तावेजों के साथ दिव्यागता प्रमाण पत्र की छायाप्रति की आवश्यकता होगी।

## रोजगार मेला में 358 युवाओं का हुआ प्राथमिक चयन

**बलौदाबाजार, 23 सितम्बर।** जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में आयोजिन जिला स्तरीय रोजगार मेला में 358 युवाओं का प्राथमिक चयन हुआ। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला का आयोजन 18 सितम्बर 2025 को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बलौदाबाजार में आयोजित किया गया। इसमें निजी क्षेत्र के 21 नियोजकों द्वारा अपनी- अपनी संस्थानों के विभिन्न पदों के लिये उपस्थित आवेदकों का योग्यता अनुसार साक्षात्कार लिया गया जिसमें से 358 आवेदकों को कम्पनी द्वारा प्राथमिक चयन किया गया एवं 43 आवेदकों को मेला स्थल पर ऑफर लेटर प्रदान किया गया। इसके साथ ही हम होंगे कामयाब अंतर्गत 60 युवाओ को भी ऑफर लेटर दिया गया।मेले में अप्रेटिसशिप ट्रेनिंग के लिये 2 नियोजकों द्वारा 52 आवदकें का साक्षात्कार लिया गया जिसमें 28 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया है। समस्त नियोजकों द्वारा प्राथमिक रूप से चयनित आवेदकों को समस्त मूल दस्तावेज एवं छाया प्रति के साथ 7 दिवस के अंदर अपने- अपने संस्थानों में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है ताकि अंतिम चयन की प्रकिया पूर्ण किया जा सकें।

## समाधान सेल ने अवैध शराब बेचते दो को पकड़ा

**बलौदाबाजार, 23 सितंबर।** समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा बलौदाबाजार-रिसदा रोड पानी में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचियों से आरोपियों से 100 पाव गोवा स्पेशल व्हिस्की शराब, बिक्री रकम 3400 एवं अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल 22 जप्त किया गया है।

आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

आरोपियों के नाम- 1. शंकर यादव उर्फटैंकर यादव उम्र 20 वर्ष निवासी भक्ति नगर बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली। 2. राजेंद्र पाडे उम्र 18 वर्ष 4 माह निवासी भक्ति नगर बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली।

# डिजिटल क्राप सर्वे एवं गिरदावरी का मोबाइल एप से सत्यापन करने दिया गया प्रशिक्षण

**सत्यापन में प्रविष्टि गलत पाये जाने पर उस प्रविष्टि को भौतिक सत्यापन के आधार पर सुधार किया जाएगा**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 23 सितम्बर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान उपार्जन करने से पूर्व एग्रीस्टेक पोर्टल के डिजिटल काप सर्वे एवं भुइया साफ्टवेयर में किये गये फसल धान की प्रविष्टियों में से 5 प्रतिशत प्रविष्टि की रैण्डम सत्यापन हेतु एक मोबाईल एप्प तैयार किया गया है। इस एप्प के संचालन के सम्बन्ध में सोमवार को अधिकारी एवं कर्मचारियों को जिला खाद्य अधिकारी एवं उनके टीम द्वारा सम्पर्क केन्द्र के माध्यम से ऑनलाईन प्रशिक्षण दिया गया।

प्रथम पाली दोपहर 12.30 बजे से 01.30 बजे तक तहसील कसडोल लवन, टुंडरा एवं सोनाखान के अधिकारी-कर्मचारियों एवं द्वितीय पाली में अपरान्ह 3 से 4 बजे तक तहसील-बलौदाबाजार, पलारी, सिमगा, सुहेला एवं भाटापारा के अधिकारी -कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।इसके तहत 3 स्तर पर फसल प्रविष्टि की रैण्डम सत्यापन किया जाना है। प्रथम चरण में एप्प के माध्यम से खसरों का सत्यापन कलेक्टर द्वारा चिन्हांकित राजस्व कृषि पंचायत आदि विभागों के अधिकारी -कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा। सत्यापन में प्रविष्टि गलत पाये जाने पर उस प्रविष्टि को भौतिक सत्यापन के आधार पर सुधार किया जाएगा।इस हेतु प्रथम घरण में सत्यापन कार्य के लिए जिले के 1119 अधिकारी-कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है ज सत्यापन कार्य के द्वौरान किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या हेतु खाद्य शाखा में पदस्थ सहायक प्रोग्रामर हितेश परवार मोबाईल नंवर-9993213079 एवं प्रकाश साहू डाटा एन्ट्री ऑपरेटर मोबाईल नंबर-7007241833 से संपर्क किया जा सकता है।

# सीएमएचओ ने किया स्वास्थ्य केंद्र अर्जुनी का निरीक्षण

**आवश्यक सुधार एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने दिए निर्देश**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 23 सितंबर।** स्वस्थ्य नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने सोमवार को विकासखंड कसडोल अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अर्जुनी क़ा निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान आवश्यक सुधार एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंधित अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने एक्स-रे कक्ष, लेबर रूम तथा नवनिर्मित जन औषधि केंद्र का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने साफ-सफाई, मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता का जायजा लिया।



साथ ही जन औषधि केंद्र को शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए।उन्होंने उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों से कहा कि स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार एवं समाज की नींव है, इसलिए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# आत्मकल्याण के लिए सहनशीलता और समझदारी आवश्यक:मनीष सागर महाराज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 23 सितंबर।** आत्मा के कल्याण के लिए सहनशीलता और समझदारी आवश्यक है। जब दोनों जुड़ जाते हैं तो काम सही होता है। हमारे अंदर सहनशीलता का गुण होगा तो पुराने कर्म बंधन के उदय का सामना कर सकेंगे। नए कर्म बंधन से बच सकते हैं। ये सीख सोमवार को टेगौर नगर पटवा भवन में जारी चातुर्मासिक प्रवचनमाला में परम पूज्य उपाध्याय भगवंत युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने दी।



उपाध्याय भगवंत ने कहा कि सहनशील व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में अपना आनंद नहीं खोता। विपरीत परिस्थितियों में शांत रहते हुए अपना समाधान खोज लेता है। समस्या कितनी भी बड़ी हो समाधान किया जा सकता है। इसके लिए समझदारी और सहनशीलता का गुण होना चाहिए। समस्या में सहनशीलता कवच का काम करेगी। समाधान के बतौर समझदारी तलवार का काम करेगी। आप दोनों के बल पर जीवन का युद्ध जीत जाओगे। आपको बाहर के प्रभाव का सहनशीलता का कवच बचाएगा। अंदर की समझदारी समाधान निकाल लेगी। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि सहनशील होने के लिए शांति नहीं खोना है। सहनशीलता का दूसरा नाम क्षमा है। प्रतिकूल परिस्थिति में सहनशीलता आवश्यक है। प्रतिकूलता में जीना सीखना होगा। मन को सदैव शांत रखना है। मोक्ष कभी अनुकूलता की राह में नहीं होगा। परमात्मा के मार्ग में रहना है तो प्रतिकूल परिस्थिति में जीना आना ही चाहिए। जो व्यक्ति सहन नहीं कर सकता वह लंबे समय तक अशांत रहता है। अशांत व्यक्ति सही निर्णय नहीं ले पाता। गुमराह हो कर जीवन में फंस जाता है। शांत रहने के लिए सहनशीलता का गुण आवश्यक है। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि सहनशीलता का गुण भीतर के संदेह को दूर करने पर ही आएगा। शांत रहना पहली प्राथमिकता है। शांत रहने का साधन सहनशीलता है।

# शांति सरोवर में सजाई गई चैतन्य देवियों की झाँकी जीवंत है : डॉ. रमन सिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 23 सितम्बर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा विधानसभा मार्ग पर स्थित शान्ति सरोवर में सजाई गई चैतन्य देवियों की झाँकी बहुत ही दर्शनीय एवं जीवन्त है जो कि राजयोग से ही सम्भव है। यहाँ पर माँ दुर्गा के नौ रूपों को अत्यन्त आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

यह विचार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने चैतन्य देवियों की झाँकी का अवलोकन करने के बाद व्यक्त किए। झाँकी का शुभारम्भ डॉ. रमन सिंह, रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी और वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी किरण दीदी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। डॉ. रमन सिंह ने सभी उपस्थित लोगों को नवरात्रि की शुभकामनाएं भी दी।



उन्होंने कहा कि माँ दुर्गा युगों-युगों से शक्ति एवं ज्ञान की देवी के रूप में जनमानस में स्थापित हैं। यह नगरवासियों के लिए गौरव की बात है कि इतना सुन्दर आयोजन राजधानी में किया गया है। यहाँ आने के बाद व्यक्ति स्वयं को तनावमुक्त महसूस करने लगता है। आदि शक्ति के नौ रूपों की जीवन्त प्रस्तुति अत्यन्त सराहनीय है।

इस अवसर पर क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने बतलाया कि यह झाँकी प्रतिवर्ष नवरात्रि पर शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में लगाई जाती है। चैतन्य होने के कारण जनता इसको खूब पसन्द करती है। यह झाँकी शान्ति सरोवर रायपुर में 2 अक्टूबर तक रहेगी। इसमें भक्तजन प्रतिदिन शाम को 6 से रात्रि 10 बजे तक चैतन्य देवियों के दर्शन कर सकेंगे।

# स्कूल में पोषण आहार और पूरक पोषण आहार का बताया गया महत्व

**राष्ट्रीय पोषण माह**

**राजनांदगांव 23 सितम्बर 2025।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना डोंगरगांव सेक्टर आरी अंतर्गत ग्राम गुंगेरी नवागांव के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में राष्ट्रीय पोषण माह एवं साक्षरता के तहत किशोरी बालिकाओं को स्थानीय खाद्य पदार्थों एवं मोटे अनाज (मिलेट्स) की पोषणीय गुणवत्ता के संबंध में जानकारी दी गई। यूनिसेफके श्री कोमल लहरे ने स्थानीय खाद्य पदार्थों एवं उनकी पोषणीय गुणवत्ता सहित मोटे अनाज और मिलेट्स के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। एनीमिया के कारण और एनीमिया से बचाव स्कूलों में किशोरी बालिकाओं को दी जाने वाली आयरन फोलिक एसिड की नीली और गुलाबी गोलियों, पोषण वाटिका, बागवानी का महत्व बताया तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया गया। इसके साथ ही मिशन शक्ति के जिला मिशन समन्वयक श्री किशोर माहेश्वरी ने पैकेट और डिब्बा बंद वाले खाद्य पदार्थ, जंक फूड, शक्कर एवं तेल का कम से कम सेवन करने तथा बेहतर स्वास्थ्य के लिए दिनचर्या के संबंध में जानकारी दी। पोषण आहार और पूरक पोषण आहार का महत्व बताने के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा, व्यक्तिगत सुरक्षा, बुरे स्पर्श की पहचान, सड़क सुरक्षा, नशे से दूरी सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। विद्यालय में जिज्ञासा बॉक्स की भी स्थापना की गई, ताकि जिज्ञासा बॉक्स के माध्यम से सवाल पूछकर स्कूल की किशोरी बालिकाएं अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त कर सके। कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग जैसे रचनात्मक आयोजन भी किए गए और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में टीएचआर और मिलेट्स से तरह-तरह के स्वादिष्ट व्यंजन भी बनाएं गए। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच, ग्राम सचिव, शाला के शिक्षक, पर्यवेक्षक श्रीमती गीतांजलि दीवान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका सुर्का तुमरेकी, सावित्री यादव, अंजू देवांगन सहित बड़ी संख्या में बालिकाए उपस्थित थी।

# अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से जरूरतमंद छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए मिलेगी वित्तीय सहायता,आवेदन 30 तक

**बलौदाबाजार, 23 सितंबर।** बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन के साथ मिलकर उल्लेखनीय पहल की गई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने 10 सितंबर को छत्तीसगढ़ में इस स्कॉलरशिप का शुभारंभ किया। पात्र छात्राएं 30 सितम्बर 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। उल्लेखनीय है कि अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप पहल के तहत ज़रूरतमंद छात्राओं को कॉलेज शिक्षा हासिल करने के लिए मदद की जाती है।?इस स्कॉलरशिप के तहत कॉलेज की शिक्षा हासिल करने के लिए मदद के तौर पर वार्षिक 30,000 रुपयों की सहायता की जाती है। यह स्कॉलरशिप छात्राओं के पहले ग्रैजुएशन के लिए डिग्री या डिप्लोमा पूरा होने तक उपलब्ध कराई जाएगी। जिसकी अधिकतम अवधि 5 वर्ष होगी। किसी भी सरकारी स्कूल से 10वीं और 12वीं कक्षा नियमित छात्रा के रूप में उत्तीर्ण की हो। छात्रा ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में किसी मान्यता प्राप्त स्नातक डिग्री या डिप्लोमा पाठ्यक्रम (अवधि 2 से 5 वर्ष) के प्रथम वर्ष में प्रवेश लिया हो। यह प्रवेश भारत में किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के सरकारी या विश्वसनीय एवं प्रामाणिक निजी कॉलेज या विश्वविद्यालय हो सकता है। अगर छात्रा ने वर्ष 2025-26 या उससे पहले अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के किसी भी कोर्स या प्रोग्राम में प्रवेश लिया हो अथवा छात्रा को विप्रो द्वारा प्रदान की जाने वाली कोई भी फेलोशिप मिली हो तो ऐसी छात्रायें इस स्कॉलरशिप हेतु अपात्र होंगी।

कैसे करें आवेदन- पात्र छात्राएं https://azim-premjifoundation.org पर जाकर निःशुल्क आवेदन कर सकती हैं ।

# कार्य पूर्ण नहीं करने पर अनुबंध होगा निरस्त

**निविदा में जमा अमानत राशि एवं सुरक्षा निधि राजसात होगी**

**राजनांदगांव 23 सितम्बर।** कलेक्टर तथा अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जल जीव मिशन अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम खपरीकला में कार्यरत ठेकेदार मेसर्स श्रीराम कंस्ट्रक्शन एण्ड सप्लायर्स डोंगरगढ़ द्वारा कार्य पूर्ण नहीं करने पर कार्रवाई करते हुए अनुबंध को निरस्त कर दिया गया है। अधीक्षण अभियंता सह कार्यपालन अभियंता एव सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड राजनांदगांव ने बताया कि ठेकेदार मेसर्स श्रीराम कंस्ट्रक्शन एण्ड सप्लायर्स डोंगरगढ़ को उपखंड स्तर पर बारम्बार पत्राचार के माध्यम से कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया गया था, परन्तु ठेकेदार द्वारा कार्य के प्रति कोई सकारात्मक रूचि प्रदर्शित नहीं किया गया। कार्यालय द्वारा ठेकेदार को अंतिम कारण बताओ नोटिस प्रेषित किया गया। जिस पर भी ठेकेदार द्वारा किसी भी प्रकार का कोई प्रति उत्तर नहीं दिया गया। ठेकेदार द्वारा कार्य पूर्ण नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई करते हुए अनुबंध को निरस्त कर दिया गया। साथ ही निविदा में जमा अमानत राशि एवं सुरक्षा निधि को शासन के पक्ष में राजसात किया गया है। संबंधित ठेकेदार को आगामी एक वर्ष के लिए राजनांदगांव जिले के किसी भी निविदा में भाग लेने के लिए भी प्रतिबंधित किया गया है।

# बलौदाबाजार जिले में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता

**समितियों में 2168 मीट्रिक उर्वरक भण्डारित**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 23 सितम्बर।** जिले में खरीफ सीजन हेतु उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता है, किसान जरुरत के अनुसार सहकारी समितियों से उठाव कर सकते हैं। उर्वरक को लेकर कहीं कोई समस्या नहीं है। कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को कृषि, सहकारिता एवं अन्य सम्बधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में उर्वरक भण्डारण एवं वितरण की समीक्षा की। उन्होंने समितियों में उर्वरक उपलब्ध होने के उपरांत भी लंबित आर ओ के. अनुसार अनुसार उर्वरक की आपूर्ति कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं छूटे हुए किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अब सभी प्रकार के खातों का पंजीयन शुरू हो गया है। वनाधिकार एवं नगरीय निकाय क्षेत्र के खाता पंजीयन 30 सितम्बर तक पूरा कराएं। बताया गया कि वर्तमान में विकासखंड सिमगा में यूरिया, डीएपी एवं सुपरफास्फेट कुल 176.79 मेट्रिक टन, पलारी में 388.88 मेट्रिक टन, भाटापारा में 841मेट्रिक टन, बलौदाबाजार में 533.75 मेट्रिक टन एवं कसडोल में 227.33 मेट्रिक टन कुल 2168 मेट्रिक टन भौतिक रूप से भण्डारित है।



# आदि सेवा केन्द्र में नागरिकों को किया गया जागरूकता

**राजनांदगांव 23 सितम्बर।** जिले में सेवा पर्व और आदि कर्मयोगी अभियान के तहत आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में शासन की विभिन्न योजनाओं और मूलभूत सुविधाएं से लाभान्वित किया जा रहा है। छुरिया विकासखंड के आदि सेवा केन्द्र ग्राम संबलपुर, बडग़ांव, परेवाडीह में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आदि कर्मयोगी अभियान के तहत नागरिकों को शासकीय योजनाओं के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में शासन की योजनाओं के साथ स्वच्छता, जल संरक्षण और फसल चक्र परिवर्तन के लिए प्रेरित किया गया। आदि कर्मयोगी अभियान के माध्यम से आदिवासी क्षेत्र के अंतिम छोर तक शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है।

जिले में आदि कर्मयोगी अभियान बहु विभागीय समन्वय और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से लागू किया जा रहा है। यह अभियान योजना निर्माण को संस्थागत रूप देने तथा आदिवासी क्षेत्र में अंतिम छोर तक




**आदि कर्मयोगी अभियान**

सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। जिले के आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में विभिन्न योजनाएं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना, पीएमजनमन योजना, मूलभूत सुविधाएं आवास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार आदि के क्रियान्वयन, उपलब्धता एवं संतृप्तिकरण तथा भविष्य में आदिवासी ग्रामों में विकास के लिए जानकारी दी जा रही है। जनजातीय समुदायों के सर्वांगीण विकास और जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर पद्मश्री फूलबासन यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## राजनांदगांव जिले में अब तक 6197.8 मिमी वर्षा दर्ज

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2025 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 6197.8 मिमी बारिश एवं औसत 885.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 989.9 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 866.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 1191.2 मिमी, घुमका तहसील में 759.5 मिमी, छुरिया तहसील में 681 मिमी, कुमरदा तहसील में 819.1 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 890.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 1191.2 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह आज राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 41.1 मिमी एवं औसत 5.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील में 4.2 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 10.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 4.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

# जान से मारने की धमकी देकर घर में आग लगाने वाला गिरफ्तार

**पलारी, 23 सितंबर।** दिनांक 27.08.2025 को प्रार्थी भगवान सिंह यादव निवासी ग्राम औरासी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसका भतीजा रिखीराम यादव पुरानी रंजिश की बात को लेकर दिनांक 26.08.2025 के शाम 06:00 घर के सामने आकर गाली गलौज कर, उसके पुत्र सोनू यादव के पैर में डंडे से वार कर चोट पहुंचाया है। तत्पश्चात वापस जाते हुए आरोपी द्वारा प्रार्थी पक्ष के लोगों को जान से मारने की धमकी भी दिया गया। इसके बाद डर के मारे प्रार्थी पक्ष रात में सोने के लिए अपने पड़ोसी के घर चले गए। तभी रात 10:30 बजे लगभग आरोपी रिखीराम यादव द्वारा प्रार्थी के छप्पर वाले घर में आग लगा दिया गया, जिससे घर के आंगन में रखे मोटरसाइकिल, पलंग, कुर्सी आदि



सामान जल गए, जिससे प्रार्थी को आर्थिक नुकसान हुआ है। इसके साथ ही आरोपी द्वारा घर के जलने का फोटो वीडियो भी वायरल किया गया है।

थाना पलारी पुलिस द्वारा प्रकरण में जांच एवं विवेचना कार्यवाही करते हुए आरोपी रिखी राम यादव को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा प्रार्थी के पुत्र के साथ मारपीट करना एवं प्रार्थी तथा उसके परिवार को अश्लील गली-गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए प्रार्थी के घर में आग लगाना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 22.09.2025 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## संपादकीय

### बाजार-बाजार जाकर पूछ भी रहे

किसी भी पार्टी में काम करने वाला नेता होता है तो वह खुद भी काम करता है और पूरी पार्टी को काम करने के लिए प्रेरित करता है। जब ऊपर से काम की प्रेरणा मिलती है तो पार्टी के सभी लोगों को सड़क पर उतर कर काम करना पड़ता है। पार्टी नेतृत्व कोई बड़ा फैसला करता है जिससे देश व जनता को लाभ होता है तो उसका बड़ा राजनीतिक फायदा भी पार्टी को मिलता है, इसके लिए बड़ी मेहनत भी करनी पड़ती है। पीएम मोदी के नेतृत्व में जीएसटी में छूट देश व जनता के लिए एक बड़ा फैसला है। इसका देश व जनता को लाभ पूरे देश में मिलेगा तब ही जाकर इसका बड़ा राजनीतिक लाभ भाजपा को मिलेगा। यही वजह है कि पीएम मोदी ने खुद 21 सितंबर को राष्ट्र को संबोधित कर देश व जनता को बताया कि इस फैसले का उनको क्या लाभ होगा, कितना लाभ होगा। वह चाहते तो दूसरे नेताओं की तरह फैसला करके बैठ जाते कि जब फैसला हो गया है तो इसका लाभ तो जनता को मिल जाएगा। उन्होंने जनता को मिलने वाले फायदे के लिए जनता को जागरूक किया, भाजपा को प्रेरित किया कि वह भी बाजार बाजार जाकर देखे कि बाजार की दुकानों में लोगों को जीएसटी की छूट के बाद पूरा लाभ मिल रहा है या नहीं, बाजार में वस्तुएं सस्ती बिक रही है या नहीं इसलिए सीएम से लेकर हर प्रदेश के मंत्री, सांसद,विधायक सोमवार को ही बाजार बाजार जाकर देखा कि लोगों को वस्तुएं सस्ती मिल रही है या नहीं। देश में पहली बार देखा गया कि बड़ी कंपनियों ने अपने प्रोडक्ट की रेट सूची अखबारों में प्रकाशित की ताकि लोगों को पता चले कि उनका प्रोडक्ट जीएसटी की छूट के बाद कितना सस्ता मिलेगा। इसका परिणाम यह हुआ है कि लोगों को पता चल गया कि किस कंपनी का प्रोडक्ट उसे कितने में मिलेगा और उसे इस कंपनी का प्रोडक्ट खरीदने पर कितना फायदा होगा। मोदी सरकार के जीएसटी में छूट के फैसले के बाद पहली बार देश में देखने को मिला कि कंपनी से लेकर दुकानदार तक लोगों को सस्ती वस्तुएं मिले इसके लिए प्रयासरत रहे। यह सिलसिला आने वाले सात दिन तक चलेगा इसलिए लोगों को बाजार में सस्ती वस्तुएं मिलेंगी।पीएम मोदी यही चाहते थे और ऐसा ही हो रहा है।

## राशिफल

**मेष** भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। सगे-संबंधियों के बीच प्रगाढ़ता बढ़ेगी। निकट संबंधों में शंकाओं को न हावी होने दें। जीवन साथी के स्वास्थ्य का ख्याल रखें।

बृषभ विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। महत्वपूर्ण कार्यों की पूर्ति में आलस्य न करें। अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।

**मिथुन** अच्छे कार्यों द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीतिज्ञों को ग्रहों का सहयोग प्राप्त होगा। संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रोजगार में लाभकारी स्थिति प्रसन्न रखेगी।

**कर्क** अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बढ़ेगा। अच्छी आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। बीती हुई बातों को भूलने की कोशिश करें। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी।

**सिंह** नकारात्मक चिंताओं का त्याग करें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें। आवेश में लिये गये निर्णय से कष्ट संभव। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** किसी नये कार्य में आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केंद्रित होगा। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बढ़ेंगे। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**तुला** पारिवारिक चिंताओं से मन परेशान होगा। घरेलू कार्यों में अत्याधिक व्यय का योग है। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में कोई सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएेगी। महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी।

**वृश्चिक** पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रय प्रतिशत तीव्र होगा। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के आसार हैं। रोजगार क्षेत्र में परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा।

**धनु** उपस्थित साधनों में सन्तुष्ट व तृप्त होने का प्रय प्रतिशत करें। मन अच्छी कल्पनाओं से प्रभावित रहेगा। निर्थक दूसरों की आलोचना न करें। कुछ नये संबंधों के प्रति निकटता बढ़ेगी।

**मकर** अपने अंदर धैर्य व वाणी में मधुरता लावें। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। प्रियजनों का सन्निध्य प्राप्त होगा। गुप्त विरोधियों से सतर्क रहें। विभागीय परिवर्तन से कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

**कुंभ** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुबिधाग्रस्त होगा। अच्छे कार्यों के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन-सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। राजनीतिज्ञों के लिए समय अनुकूल होगा। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा।

मीन : भावनात्मक समस्याओं पर सगे-संबंधों में खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व क्षमता की अनुभूति करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को कल पर न टालें। पिता के स्वास्थ्य का ख्याल रखें। मन में नकारात्मक विचार न आने दें।

शख्सियत : नरेन्द्र दामोदर दास मोदी

# राजनीतिक अभिजात वर्ग को चुनौती देने वाले जननायक

✍ शिवराज सिंह चौहान



भारतीय राजनीति में नरेन्द्र मोदी के उदय को विशेषाधिकार के पारंपरिक लेंस से नहीं समझा जा सकता। राजनीतिक वंशों में पले-बढ़े अनेक नेताओं के विपरीत, मोदी और उनकी नेतृत्व शैली ज़मीन से उभरी है, जिसने उनके संघर्ष, वर्षों से ज़मीनी स्तर पर किए गए कार्यों और सरकार के विभिन्न स्तरों पर प्राप्त व्यवहारिक अनुभवों से आकार लिया है। उनका करियर मात्र एक व्यक्ति के उत्थान को ही प्रदर्शित नहीं करता, बल्कि यह भारत में अभिजात वर्ग द्वारा संचालित राजनीति की नींव के लिए एक चुनौती भी है।

वडनगर के एक साधारण परिवार में जन्मे मोदी का बचपन ज़िम्मेदारी और सादगी से भरपूर रहा। बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए चैरिटी स्टॉल लगाने से लेकर स्कूली छात्र के रूप में जातिगत भेदभाव पर आधारित नाटक लिखने तक, उन्होंने अल्पायु में ही संगठनात्मक कौशल और सामाजिक सरोकार का अद्भुत मिश्रण प्रदर्शित किया। उन्होंने वंचित सहपाठियों के लिए पुरानी किताबें और वर्दियाँ इकट्ठा करने के अभियान भी चलाए, जो इस बात का प्रारंभिक संकेत था कि वह नेतृत्व को किसी विशेषाधिकार के रूप में नहीं, बल्कि सेवा के रूप में देखते हैं। इन छोटे-छोटे प्रयासों ने उनके द्वारा सार्वजनिक जीवन में अपनाए जाने वाले दृष्टिकोण का पूर्वाभास करा दिया।

उनकी मूलभूत प्रवृत्तियाँ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में और भी प्रखर हुईं, जहाँ साधारण कार्यकर्ताओं को ग्रामीणों से घुलने-मिलने, उनके जैसा जीवन व्यतीत करने और अपने आचरण के जरिए उनका विश्वास अर्जित करने का प्रशिक्षण दिया जाता था। एक युवा प्रचारक के तौर पर मोदी ने बिल्कुल वैसा ही किया। अक्सर बस या स्कूटर से गुजरात भर में यात्रा करते हुए, और भोजन व आश्रय के लिए ग्रामीणों पर निर्भर रहते हुए, उन्होंने साझा कठिनाइयों और संघर्षों के माध्यम से सभी वर्गों का विश्वास अर्जित किया। इस अनुशासन ने उन्हें उन लोगों के रोज़मर्रा के सरोकारों से जुड़े रहने में मदद की, जिनकी वे सेवा करना चाहते थे, और इसी ने उन्हें संकटकाल में संगठित, बड़े पैमाने पर कदम उठाने की आवश्यकता पड़ने पर प्रभावी ढंग से नेतृत्व करने के लिए भी तैयार किया।

ऐसा ही एक संकट 1979 में मच्छू बांध के टूटने से आया था,



जिसमें हज़ारों लोग मारे गए थे। 29 वर्षीय मोदी ने तुरंत स्वयंसेवकों को पालियों में संगठित किया, राहत सामग्री का प्रबंध किया, शवों को निकाला और परिवारों को सांत्वना दी। कुछ साल बाद, गुजरात में सूखे के दौरान, उन्होंने सुखड़ी अभियान का नेतृत्व किया, जो पूरे राज्य में फैल गया और लगभग 25 करोड़ रुपये मूल्य का भोजन वितरित किया गया। दोनों ही आपदाओं में, उन्होंने बिल्कुल आरंभ से ही बड़े पैमाने पर राहत प्रयास शुरू किए, जिससे उनके उद्देश्य की स्पष्टता, उनके सैन्य-शैली के संगठन और उनका इस आग्रह का परिचय मिला कि नेतृत्व का अर्थ केवल प्रतीकात्मकता नहीं, बल्कि सेवा है।

इन शुरुआती घटनाओं ने जहाँ एक ओर लोगों को संगठित करने की उनकी क्षमता को परखा, वहीं आपातकाल ने दमन के दौर में उनके साहस की परीक्षा ली। मात्र 25 वर्ष की आयु में, एक सिख के वेश में, उन्होंने पुलिस निगरानी से बचने की कोशिश कर रहे कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच संवाद कायम रखा। इस ज़मीनी नेटवर्क ने क्रूर शासन के विरुद्ध प्रतिरोध को जीवित रखा, जिससे उन्हें एक कुशल संगठनकर्ता के रूप में ख्याति मिली।

इन्हीं कौशलों का उपयोग जल्द ही चुनावी राजनीति में भी किया गया। भाजपा - गुजरात के संगठन मंत्री के रूप में, उन्होंने पार्टी का विस्तार नए समुदायों तक किया, जिनमें राजनीतिक विमर्श में हाशिए पर पड़े लोग भी शामिल थे। उन्होंने विविध पृष्ठभूमियों के नेताओं को तैयार किया, ज़मीनी स्तर पर समर्थन जुटाया और पूरे गुजरात में लालकृष्ण आडवाणी की सोमनाथ-अयोध्या रथ यात्रा जैसे बड़े आयोजनों की योजना बनाने में मदद की। बाद में, विभिन्न राज्यों के प्रभारी के रूप में उन्होंने बूथ स्तर तक मज़बूत पार्टी तंत्रों का निर्माण किया।

साल 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के पद पर आसीन होने पर उन्होंने ये सबक शासन में लागू किए। उदाहरण के लिए, पदभार ग्रहण करने के चंद घंटे बाद ही उन्होंने साबरमती में नर्मदा का जल लाने के विषय में एक बैठक बुलाकर इस बात का संकेत दिया कि निर्णायक कार्रवाई उनके प्रशासन को परिभाषित करेगी। उनका दृष्टिकोण शासन को एक जन आंदोलन बनाना था, जहाँ प्रवेशोत्सव ने स्कूलों में नामांकन को प्रोत्साहित किया, कन्या केलवणी ने बालिकाओं की शिक्षा का समर्थन किया, गरीब कल्याण मेलों ने कल्याण को नागरिकों तक पहुँचाया, और कृषि रथ ने कृषि सहायता को किसानों के खेतों तक पहुँचाया। नौकरशाहों को दफ्तरों से निकालकर कस्बों और गाँवों तक भेजा गया। उनका मानना है कि शासन लोगों तक वहाँ पहुँचे जहाँ वे रहते हैं, न कि केवल मीटिंग कक्षों तक सीमित रहे।

उनके प्रधानमंत्री पद पर आसीन होने के बाद गुजरात में किए गए प्रयोग राष्ट्रीय आदर्श बन गए। स्वच्छता अभियानों के उनके अनुभव ने स्वच्छ भारत मिशन का रूप लिया, जहाँ उन्होंने प्रतीकात्मकता को सामूहिक कार्रवाई में बदलने के लिए स्वयं झाड़ू उठाई। डिजिटल इंडिया, जन-धन योजना और अन्य पहल शीर्ष से शुरू किए गए कार्यक्रम नहीं थे, बल्कि जमीनी स्तर पर बिताए उनके वर्षों से प्राप्त सीखों पर आधारित जन-आंदोलन थे। इन्होंने जन-भागीदारी के उनके दर्शन को मूर्त रूप दिया, जहाँ शासन तभी कारगर होता है, जब नागरिक निष्क्रिय प्राप्तकर्ता न बने रहकर, स्वयं भागीदार बनें। मोदी जैसे नेता और जनता के बीच दशकों से विकसित इसी विश्वास ने आज के भारत में नीति को साझेदारी में बदल दिया है।


दशकों से, मोदी बैठकों में होने वाली बहसों से नहीं, बल्कि ज़मीनी स्तर पर जीवंत संपर्क की बदौलत लोगों की ज़रूरतों को समझने और उन्हें पूरा करने के तरीकों को जानने की दुर्लभ सहज प्रवृत्ति प्रदर्शित करते आए हैं। यह प्रवृत्ति कठोर प्रशासनिक अनुभव के साथ मिलकर उनकी राजनीति को परिभाषित करती है।

मूलभूत रूप से, उनके जीवन और नेतृत्व ने भारतीय राजनीति के केवल अभिजात वर्ग से संबद्ध होने की धारणा को नए सिरे से परिभाषित किया है। वह योग्यता और परिश्रम का प्रतीक बन चुके हैं तथा वह शासन को जनसाधारण के और करीब ले आए हैं। उनकी राजनीतिक शक्ति सत्ता को जनता से जोड़ने में निहित है। ऐसा करके, उन्होंने भारतीय राजनीति को एक नया रूप दिया है, जो आम नागरिक के संघर्षों और भावनाओं पर आधारित है।

विदेश

# एफ-15 की सलामी और परमाणु समझौता: क्यों बढ़ी चिंताएं?

✍ हृदय मोहन



जेद्दाह हवाई अड्डे पर जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ उतरे, तो आसमान में गूँजते एफ 15 लड़ाकू विमानों ने उनका स्वागत किया। यह केवल औपचारिक सम्मान नहीं था, बल्कि एक बड़े संदेश की भूमिका थी। सऊदी अरब ने साफकर दिया कि वह पाकिस्तान को सिर्फ मेहमान के तौर पर नहीं, बल्कि रणनीतिक साझेदार के रूप में देख रहा है। पहले नाटो जैसा सुरक्षा करार हुआ और इस दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच परमाणु सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर हुए, जिसने क्षेत्रीय राजनीति को हिला कर रख दिया।

**करार की अहमियत और दायरा :** पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच दशकों से सैन्य सहयोग रहा है। पाकिस्तानी सैनिक लंबे समय से सऊदी भूमि पर प्रशिक्षण और सुरक्षा दायित्व निभाते रहे हैं। मगर इस बार हस्ताक्षरित करार पहले से कहीं अधिक व्यापक है। इस समझौते के तहत, दोनों देश किसी एक के विरुद्ध भी आक्रामक कार्रवाई को दोनों के विरुद्ध कार्रवाई मानने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसमें संयुक्त सैन्य अभ्यास, आतंकवादङ्करोधी अभियान, आधुनिक हथियारों की तकनीक, खुफ़िया जानकारी का साझा उपयोग और सबसे महत्वपूर्ण–परमाणु सुरक्षा प्रबंधन शामिल है।

पाकिस्तान के पास दुनिया का एकमात्र इस्लामी परमाणु कार्यक्रम है। यही उसकी सबसे बड़ी ताक़त और पहचान है। इस परमाणु सुरक्षा



सहयोग से पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता भी मिल सकती है और सऊदी अरब को एक रणनीतिक आश्वासन कि संकट की घड़ी में उसे तकनीकी और सैन्य मदद मिलेगी।

**सऊदी की रणनीति:** सऊदी अरब आज 'विजन 2030' के तहत खुद को तेल-निर्भर अर्थव्यवस्था से बाहर निकालने की कोशिश कर रहा है। लेकिन सुरक्षा मोर्चे पर उसे अब भी कई चुनौतियाँ घेरे हुए हैं–यमन में जारी संघर्ष, ईरान के साथ प्रतिस्पर्धा और क्षेत्रीय अस्थिरता। ऐसे में पाकिस्तान का सहयोग उसे दोहरा लाभ देता है: एक तरफ़ मुस्लिम दुनिया की सबसे बड़ी सैन्य ताक़त उसके साथ खड़ी होगी, दूसरी ओर परमाणु सुरक्षा के क्षेत्र में भी उसे साझेदार मिलेगा।

**ईरान और इज़रायल की बेचैनी :** ईरान हाल के वर्षों में सऊदी अरब के साथ रिश्ते सुधारने की कोशिश कर रहा है। चीन की मध्यस्थता में दोनों देशों ने कूटनीतिक रिश्ते बहाल किए, लेकिन यह रक्षा करार ईरान के लिए नया सिरदर्द है। उसे लगता है कि सऊदी अरब अब भी बैकअप के तौर पर पाकिस्तान जैसे साझेदार को मज़बूत कर रहा है। इज़रायल की चिंता और गहरी है। परमाणु प्रसार को लेकर उसकी संवेदनशीलता जगज़ाहिर है। पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर पहले से पश्चिमी देशों में संदेह रहा है। अब सऊदी अरब का औपचारिक सहयोग इसे मध्यपूर्व में सुरक्षा संतुलन के लिए ख़तरे के रूप में देखा जा रहा है।

**अमेरिका और चीन की चुप्पी:** इस सौदे पर अमेरिका और चीन, दोनों ही चुप्पी साधे हुए हैं। अमेरिका सऊदी का पुराना सहयोगी है लेकिन पाकिस्तान को लेकर उसकी नीति बदल चुकी है। वॉशिंगटन खुलकर विरोध नहीं करना चाहता, क्योंकि इससे सऊदी अरब नाराज़ हो सकता है। वहीं चीन, जो 'चाइना-पाकिस्तान इकॉनॉमिक कॉरिडोर' (CPEC) के जरिए पाकिस्तान में गहराई से जुड़ा है और सऊदी अरब में बड़े निवेश कर रहा है, इस सौदे से संतुष्ट है लेकिन टिप्पणी से बच रहा है। महाशक्तियों की यह खामोशी इस बात की गवाही है कि मामला बेहद संवेदनशील है और वे इसे खुली तनातनी में नहीं बदलना चाहते।

**भारत के लिए क्या मायने?:** भारत ने हाल के वर्षों में सऊदी अरब के साथ मजबूत रिश्ते बनाए हैं। ऊर्जा आपूर्ति, निवेश, जी-20 जैसे मंचों पर सहयोग और खाड़ी देशों में भारतीय समुदाय का बड़ा योगदान इन रिश्तों की बुनियाद है। भारत और सऊदी के बीच द्विपक्षीय व्यापार करीब 42 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। वहीं सऊदी प्रिंस ने वादा किया है कि उनका देश भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश करेंगे।

लेकिन पाकिस्तान-सऊदी डील भारत के लिए नए सवाल खड़े करती है। क्या पाकिस्तान को इस करार से अतिरिक्त सैन्य संसाधन मिलेंगे? क्या परमाणु सुरक्षा का सहयोग उसके परमाणु कार्यक्रम को अप्रत्यक्ष वैधता देगा? और क्या सऊदी अरब भारत और पाकिस्तान के बीच संतुलन साधते हुए आगे बढ़ेगा?

विशेषज्ञ मानते हैं कि भारत को अपनी पश्चिम एशिया नीति और अधिक सक्रिय करनी होगी। अब केवल ऊर्जा या व्यापार नहीं, बल्कि सुरक्षा और सामरिक संवाद पर भी ध्यान देना होगा।

**निष्कर्ष :** एफ-15 की सलामी से लेकर परमाणु समझौते तक– सऊदी अरब और पाकिस्तान की बढ़ती नज़दीकी ने क्षेत्रीय राजनीति को नया मोड़ दे दिया है। यह साझेदारी खाड़ी, दक्षिण एशिया और पश्चिम एशिया में सामरिक समीकरणों को बदल सकती है। भारत के लिए यह समय है सजग कूटनीति का–जहाँ उसे सऊदी अरब से अपने रिश्तों को और गहरा करना होगा और पाकिस्तानङ्कसऊदी गठजोड़ के संभावित प्रभावों पर लगातार नज़र रखनी होगी। क्योंकि बदलते हालात केवल खतरे नहीं, अवसर भी ला सकते हैं।

सेहत

# सीरम इस्तेमाल करते समय लोग कर बैठते हैं ये 5 गलतियां, आप न दोहराएं



सीरम त्वचा की देखभाल का एक ऐसा उत्पाद है, जो सक्रीय सामग्री से लैस होता है। यह एक हल्का तरल पदार्थ होता है, जो त्वचा में गहराई तक प्रवेश करके झुर्रियों और दाग-धब्बों जैसी समस्याओं को ठीक करता है। सीरम में विटामिन-सी, हयालूरोनिक एसिड, रेटिनॉल और नियासिनमाइड जैसी सक्रीय सामग्रियां शामिल की जाती हैं। वैसे तो इसे इस्तेमाल करना बेहद आसान होता है, लेकिन इसे लगाते समय लोग ये आम गलतियां कर बैठते हैं।

**मॉइस्चराइजर के बाद सीरम इस्तेमाल करना:** सीरम के अधिकतम लाभ पाने के लिए उसे सही तरीके से इस्तेमाल करना होता है। हालांकि, ज्यादातर लोगों को यह पता ही नहीं होता। ऐसे में वे मॉइस्चराइजर लगाने के बाद उसके ऊपर सीरम लगा लेते हैं। मॉइस्चराइजर चिकनाई की परत बना देता है, जिसकी वजह से सीरम त्वचा में प्रवेश नहीं कर पाता। सीरम एक तरल उत्पाद है, जिसे केवल सूखी त्वचा पर लगाना चाहिए। चेहरे को साफ करें और इसे लगाने के 2-3 मिनट बाद मॉइस्चराइजर इस्तेमाल करें।

**ड्रॉपर को त्वचा के पास लाना:** सीरम ड्रॉपर वाली पैकेजिंग में उपलब्ध होते हैं। ज्यादातर लोग इसे लगाते समय ड्रॉपर को त्वचा के करीब ले जाते हैं। इससे वह त्वचा पर छूता है, जो नुकसानदायक हो सकता है। अपने सीरम को बैक्टीरिया और फंगल संदूषण से बचाने के लिए ड्रॉपर को चेहरे के नजदीक न ले जाएं। इसके बजाय सीरम को हथेली में निकालें और चेहरे पर लगा लें। सीरम के हाथों में अवशोषित होने की चिंता न करें, क्योंकि हाथों की त्वचा मोटी होती है।

**बहुत ज्यादा सीरम लगाना :** एक गलती जो हर कोई कर बैठता है, वह है बहुत ज्यादा सीरम इस्तेमाल करना। यह सक्रिय सामग्री से समृद्ध उत्पाद होता है, जिसे कम मात्रा में ही लगाना चाहिए। ज्यादा लगाने से रोमछिद्र बंद हो सकते हैं, मुंहासे हो सकते हैं और त्वचा में जलन हो सकती है। आपको एक बार में केवल 2-3 बूंद सीरम ही लगाना चाहिए। सीरम में मौजूद सक्रीय सामग्री के आधार पर तय होगा की उसे हफ्ते में कितनी बार इस्तेमाल करना सही है।

**सीरम को त्वचा पर रगड़ना:** सीरम एक हल्का और तरल उत्पाद होता है, जो आसानी से त्वचा में अवशोषित हो जाता है। ऐसे में उसे त्वचा पर रगड़ना एक बड़ी गलती हो सकती है। यह कोई क्रीम आधारित उत्पाद नहीं है, जिसे आपको रगड़कर त्वचा में प्रवेश करवाना पड़ेगा। ऐसा करने से जलन पैदा हो सकती है और उत्पाद की बर्बादी भी हो सकती है। इसके बजाय सीरम को धीरे से थपथपाने हुए लगाएं, जिससे वह बेहतर तरीके से अवशोषित हो जाएगा।

**एक साथ कई सीरम उपयोग करना:** लोग सोचते हैं कि वे जितने ज्यादा सक्रीय सामग्री वाले सीरम लगाएंगे, उनकी उतनी ज्यादा त्वचा संबंधी समस्याएं हल हो जाएंगी। हालांकि, हकीकत इससे अलग होती है। एक साथ कई सीरम लगाने से जलन और मुंहासें होते हैं, रोमछिद्र बंद हो जाते हैं और उत्पाद प्रभावी नहीं रह जाते। अधिकतम 2 सीरम उपयोग करना ठीक है, ताकि आपकी त्वचा को किसी प्रकार का कोई नुकसान न हो।

# महिलाएं: भारत की मौन शक्ति, जो हमें भविष्य की ओर ले जा रही हैं

✍ डॉ. किरण मजूमदार-शॉ



जब हम अपने प्रधानमंत्री के जीवन के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, तो हमें उनकी यह प्रतिज्ञा याद आती है कि महिलाओं की पूरी भागीदारी के बिना भारत एक विकसित राष्ट नहीं बन सकता। उनका स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान एक गहरी सच्चाई को दर्शाता है:÷अगर मां स्वस्थ रहती है तो पूरा घर स्वस्थ रहता है। अगर मां बीमार पड़ जाती है, तो पूरा परिवार बिखर जाता है।÷यह मानना कि महिलाओं का स्वास्थ्य ही हमारे राष्ट्रीय प्रगति की नींव है, भारत की विकास यात्रा का मुख्य आधार है।

**भारत की विकास गाथा के केंद्र में महिलाएं:** महिलाएं सिर्फ इस यात्रा की भागीदार नहीं हैं, बल्कि इसकी असली संवाहक हैं। प्रयोगशालाओं, अस्पतालों, खेतों और बायोटेक स्टार्ट-अप्स में उनके मौन लेकिन प्रभावशाली कार्य हमारे भविष्य को गढ़ रहे हैं। उन 10 लाख आशा कार्यकर्ताओं के बारे में सोचें, जो भारत की प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ हैं, जो अक्सर प्रकोप के दौरान सबसे पहले मदद पहुंचाती हैं या फिर आईसीएमआर, एनआईवी और एम्स की महिला वैज्ञानिकों पर विचार करें, जिन्होंने 2020 में सार्स - सीओवी-2 वायरस को अलग करने में मदद की और भारत के स्वदेशी टीकों का मार्ग प्रशस्त किया, जिसके कारण दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान में 2 अरब से अधिक टीकाकरण किए गए।1

भारत की 62.9 प्रतिशत महिला कार्यकर्ता कृषि में हैं, और अब इनमें से कई को सूखा-रोधी व फसल सुरक्षा जैसे बायोटेक समाधान अपनाने का प्रशिक्षण दिया गया है।2 बायोटेक उद्यमिता में भी महिलाएं सस्ते डायग्नोस्टिक, जीनोमिक्स और वैक्सीन नवाचार जैसे क्षेत्रों में स्टार्ट-अप्स की अगुवाई कर रही हैं। ये कोई अकेली कहानियां नहीं हैं, ये भारत की नारी शक्ति का जीता जागता सबूत हैं।

**नीतिगत और संस्थागत समर्थन:** महिलाओं की क्षमता को उभारने में सरकारी पहल निर्णायक रही हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ से लेकर मिशन शक्ति तक, संसद में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने वाला ऐतिहासिक नारी शक्ति वंदन अधिनियम हो, या प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड-



अप इंडिया और जन धन योजना के जरिए आर्थिक सशक्तिकरण- महिला-प्रधान विकास की मजबूत रूपरेखा तैयार हो चुकी है। 54 करोड़ से अधिक जन धन खाते खोले गए हैं, जिनमें लगभग 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं। वित्तीय समावेशन का ऐसा स्तर दुनिया भर में शायद ही कभी देखा गया हो। मुद्रा योजना के तहत 43 करोड़ ऋणों में से लगभग 70 प्रतिशत ऋण महिला उद्यमियों को दिए गए हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम जल्द ही यह सुनिश्चित करेगा कि संसद की एक-तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हों। जिससे नीति निर्माण में उनकी आवाज़ सुनिश्चित होगी।

**विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार: वैश्विक संदर्भ में भारत:** विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भारतीय महिलाएं सचमुच सितारों तक पहुंच रही हैं। इसरो में महिलाओं ने चंद्रयान-2 और मंगलयान जैसी मिशनों में निदेशक की भूमिका निभाई, जिससे भारत की अंतरिक्ष शक्ति के रूप में उभरती छवि सामने आई। महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत, एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी के मामले में दुनिया में अग्रणी है:

भारत में 43 प्रतिशत एसटीईएम स्नातक महिलाएं हैं, जबकि अमेरिका में 34 प्रतिशत, यूरोपीय संघ में 32 प्रतिशत और ओईसीडी देशों में औसतन 33 प्रतिशत फिर भी, वैज्ञानिक संस्थानों में केवल 19 प्रतिशत वैज्ञानिक, इंजीनियर और टेक्नोलॉजिस्ट ही सीधे अनुसंधान और विकास से जुड़े हैं, जिससे यह ज़रूरी हो जाता है कि शिक्षा में मिली सफलता को कार्यस्थलों पर भी प्रतिनिधित्व में बदला जाए। सरकार के बायोकेयर और वाइज किरण जैसे कार्यक्रमों ने करियर ब्रेक के बाद लौटीं महिला वैज्ञानिकों को फिर से नवाचार शुरू करने का अवसर दिया है। हाल ही में बीआईआरएसी ने 75 से अधिक महिला बायोटेक उद्यमियों को सम्मानित किया, जो नई पीढ़ी की महिला नेतृत्व का संकेत है। वैश्विक स्तर पर बायोटेक नेतृत्व पदों पर महिलाएं 20 प्रतिशत से भी कम हैं, ऐसे में भारत की यह प्रगति विज्ञान उद्यमिता में समावेशिता के नए मानक तय कर सकती है।

**भविष्य की ओर: अग्रणी महिलाएं :** विज्ञान-आधारित विकास का भविष्य उन महिलाओं द्वारा गढ़ा जाएगा जो जीनोमिक्स, मॉलिक्युलर डायग्नोस्टिक्स, बायोलॉजिक्स और सटीक उपचार को आगे बढ़ाएंगी। वे जैव प्रौद्योगिकी आपूर्ति श्रृंखलाओं, नियामक पारिस्थितिकी प्रणालियों और जमीनी स्तर के स्वास्थ्य वितरण नेटवर्क का नेतृत्व करेंगी और यह सुनिश्चित करेंगी कि किफायती चिकित्साएं दूर-दराज के गांवों तक भी पहुंचें। एक गैराज लैब से लेकर एक वैश्विक बायोलॉजिक्स कंपनी बनाने तक की मेरी अपनी यात्रा ने मुझे सिखाया है कि नवाचार केवल बोर्डरूम में ही जन्म नहीं लेता। यह जमीनी स्तर से जन्म लेता है और मेहनत व धैर्य से आगे बढ़ता है, चाहे वह तकनीशियन हो, शोधकर्ता (पोस्ट-डॉक) या स्वास्थ्यकर्मी। जब उन्हें अवसर और पहचान मिलती है, तो उनका प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है।

**भारत के लिए एक अहम मोड़ :** जैव प्रौद्योगिकी क्रांति, स्वास्थ्य सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा बनाए रखने और अंतरिक्ष व डिजिटल तकनीक के नए आयाम आने वाले दशकों में भारत की प्रगति को परिभाषित करेंगे। प्रधानमंत्री की दृष्टि स्पष्ट है: महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि इस भविष्य की सह-निर्माता के रूप में देखा जाना चाहिए।

**आह्वान:** अब समय आ गया है कि सभी क्षेत्रों में नेतृत्व यह सुनिश्चित करे कि महिला वैज्ञानिक, नर्सें, स्वास्थ्यकर्मी और उद्यमी पूरी तरह से दिखाई दें, उन्हें पर्याप्त संसाधन मिलें और वे पूरी तरह सशक्त हों। जब ऐसा होगा, तो भारत न केवल अपना वादा पूरा करेगा बल्कि दुनिया की उम्मीदों से भी आगे बढ़ जाएगा। क्योंकि हम सभी द्वारा निर्मित और महिलाओं के नेतृत्व वाला भविष्य अजेय होगा

## सु-दोकू 179

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.178 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

एक नजर

### युक्तधारा पोर्टल से जीआईएस आधारित योजना निर्माण के संबंध में दिया प्रशिक्षण

दंतेवाड़ा, 23 सितम्बर । जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा के अध्यक्षता में 19 सितम्बर ''युक्तधारा पोर्टल'' से जीआईएस आधारित योजना निर्माण तथा महत्वपूर्ण तकनीकी बिंदुओं की जानकारी के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस योजना का उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2026-27 से मनरेगा योजनान्तर्गत सभी कार्यों के वर्ककोड युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से ही निर्मित होंगे। इस हेतु ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा में अनुमोदित कार्यों, भू-जल रिजार्च संरचनाओं से संबंधित कार्य, कृषि एवं कृषि संबंधित कार्यों पर व्यय की प्रतिशतता, श्रमिक एवं सामग्री व्यय अनुपात इत्यादि समस्त कार्य 02 अक्टूबर 2025 से आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में युक्तधारा से प्लान किये तकनीकी रूप से कार्यों की सूची एवं जीआईएस. आधारित नक्शे को जीपीडीपी में सम्मिलित कर प्रस्तुत किया जाना है। युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से लेबर बजट 2026-27 हेतु प्लानिंग किये गये कार्य 01 अप्रैल 2026 से स्वीकृति प्रदान किया जावेगा। युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से जीआईएस आधारित योजना निर्माण की स्वीकृति से पारदर्शिता एवं त्वरित स्वीकृति में सहायता मिल सकेगी। प्रशिक्षण में कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, तकनीकी सहायक एवं ग्राम रोजगार सहायकों को निर्देशित किया गया है कि युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से नवनिर्मित ग्राम पंचायतों सहित कुल 169 ग्राम पंचायतों में योजना क्रियान्वयन किया जावे।

### विद्युत विभाग ने निर्माण कार्य बिजली लाइन के नीचे न कराने की अपील की

दंतेवाड़ा, 23 सितम्बर । कार्यालय कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ विद्युत विभाग दन्तेवाड़ा द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार समस्त जनमानस से यह अपेक्षा की जाती है कि किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य विद्युत लाइनों के नीचे, निकट न किया जावे, समुचित दूरी पर ही निर्माण कार्य किया जावे। विद्युत ट्रांसफार्मर के आस-पास कूड़ा कचरा न फेंकें जिससे कि केवल, ट्रांसफार्मर में आग लग सकती है। अस्थायी निर्माण के कार्यों में कटे-फटे विद्युत वायर का उपयोग न करें। विद्युत लाइन के नीचे अस्थायी कार्यक्रम हेतु टेंट, पंडाल, सामीयाना न लगाएं विद्युत लाइन को क्रॉस करते समय समुचित ऊँचाई का ध्यान रखें। बांस, बल्ली आदि के माध्यम से क्रॉसिंग करते समय विद्युत लाइन को न छुएं दुर्घटना हो सकती है।

### बस्तर ओलंपिक से बस्तर की दशा और दिशा दोनों बदली है: साव

दंतेवाड़ा, 23 सितम्बर । प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप आज मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर के प्रांगण मेंढ़क डोबरा मैदान में प्रदेश के लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय प्रशासन एवं विकास, खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग के उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव सहित वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता, संसदीय कार्य एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप, विधायक श्री चैतराम अटामी, महिला आयोग की सदस्य श्रीमती ओजस्वी मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री अरविन्द कुंजाम, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री संतोष गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि समेत खेल एवं कल्याण विभाग के सचिव श्री यशवंत कुमार, खेल एवं कल्याण विभाग के संचालक तनुजा सलाम, डीआईजी श्री कमलोचन कश्यप, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा, डीएफओ श्री सागर जाधव द्वारा बस्तर ओलंपिक 2025 का पंजीयन का बटन क्लिक कर शुभारंभ किया गया।

### आत्मसमर्पित 35 नक्सलियों को 17.50 लाख रुपए प्रोत्साहन राशि वितरित

बीजापुर 23 सितम्बर। कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ नक्सलवाद पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु जिले के कुल 35 आत्मसमर्पित नक्सलियों को 17 लाख 50 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि आहरण एवं संवितरण की स्वीकृति दी गई है।

### नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत 15 लाख रुपए स्वीकृत

बीजापुर 23 सितम्बर। छत्तीसगढ़ नक्सलवाद पुनर्वास नीति के तहत नक्सली पीड़ित व्यक्तियों, परिवारों तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों को पर्याप्त सुरक्षा एवं पुर्नवास के तहत नक्सली हिंसा में आम नागरिको के मृत्यु के प्रकरण में प्रत्येक को पांच-पांच लाख रूपए कुल 3 पीड़ितों के परिजनों को 15 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# कमीशन मांगने वाले एसडीओ की उप मुख्यमंत्री साव से सरपंचों ने शिकायत कर कहा-ऐसा भ्रष्ट अधिकारी हमें नहीं चाहिए

■ शिकायत पर कलेक्टर ने एसडीओ पर नहीं की कोई जांच कारवाई

दंतेवाड़ा 23 सितंबर। आरईएस विभाग के एक एसडीओ जो वर्तमान में जनपद पंचायत दंतेवाड़ा में पदस्थ हैं के विरूद्ध बीते दिनों कई पंचायतों के सरपंचों ने मोर्चा खोलते हुए कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र देने के एवज में कमीशन मांगने वाले एसडीओ की शिकायत कलेक्टर से किया था किन्तु जिला प्रशासन द्वारा एसडीओ के खिलाफ कोई जांच कारवाई नहीं जाने से नाराज सरपंचों ने अब आगे बढ़ते हुए अपनी शिकायत प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव से की है। उप मुख्यमंत्री ने सरपंचों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मामले में उचित जांच कारवाई का आश्वासन सरपंचों को दिया है।

गौरतलब है कि इसी माह के बीते 9 सितंबर को दंतेवाड़ा जनपद अंतर्गत आधा दर्जन पंचायतों के सरपंच, उपसरपंचों ने दंतेवाड़ा जनपद में पदस्थ




एसडीओ प्रमेंद्र समरथ से कमीशन मांगने की क्रियाकलाप से तंग आकर इसकी शिकायत 15 सितंबर को कलेक्टर से किया था। मगर मामले में कोई भी जांच कारवाई नहीं की गई जिससे नाराज होकर एक बार फिर से सरपंचों ने नवरात्र के प्रथम दिन माता के दर्शन पूजन के लिए दंतेवाड़ा पहुंचे प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव को बीजेपी कार्यालय में कार्यकर्ताओं से भेंट के दौरान मुलाकात कर उन्हें शिकायत ज्ञापन सौंपा और कहा कि हमें इस भ्रष्ट एवं कमीशनखोर एसडीओ से छुटकारा दिलाया जाए। उप मुख्यमंत्री ने भी शिकायत को पढ़कर मामले में उचित कारवाई करने जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया। बता दें कि जनपद दंतेवाड़ा के एसडीओ प्रमेंद्र समरथ पर सरपंचों का आरोप है कि श्री समरथ कार्य पूर्ण होने के बाद भी पूर्णता प्रमाण पत्र नहीं देते। प्रमाण पत्र देने के एवज में सरपंचों से खुलेआम कमीशन की मांग उनके द्वारा की जाती है। राशि नहीं देने पर पूर्णता प्रमाण पत्र देने में उनके द्वारा आनाकानी अथवा देरी की जाती है। भ्रष्ट कमीशनखोर एसडीओ के खिलाफ कई पंचायतों के सरपंचों ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पीड़ित सरपंचों का कहना है कि हमें उम्मीद थी कि जिला प्रशासन हमारी शिकायत पर गंभीरता दिखाते हुए जांच कारवाई करेगी मगर शिकायत के बाद भी कोई जांच कारवाई नहीं किए जाने से वे काफी आहत हुए हैं। उनके उम्मीदों पर कुठाराघात हुआ है लिहाजा शिकायत अब उप मुख्यमंत्री को की गई है। पीडित सरपंचों का कहना है कि जब तक एसडीओ श्री समरथ को यहां से नहीं हटाया जाता वे इस मामले में लगातार उपर फोरम तक अपनी शिकायत दर्ज करवाते रहेंगे।

### राज्य स्तरीय रोजगार मेला के लिए 24 सितम्बर को होगा पंजीयन

जगदलपुर, 23 सितम्बर। राज्य शासन ने प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के लिए एक बेहद खास पहल की है। इसके तहत बेरोजगारों के लिए 9 और 10 अक्टूबर को राजधानी रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में राज्य में काम कर रहीं 114 कंपनियां युवाओं को 8 से 10 हजार जॉब देगीं। इस रोजगार मेले के लिए रोजगार विभाग की वेबसाइट पर पंजीयन जारी हैं। इस बीच औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बस्तर में रोजगार पंजीयन शिविर का आयोजन 23 एवं 24 सितंबर 2025 को प्रातः 10 बजे सायं 05 बजे तक किया जाएगा, जो भी आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी पंजीयन नहीं करवाएं हैं। इस संस्था के प्राचार्य श्री एके मंडले द्वारा उक्त रोजगार मेला में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थियों को अपना शैक्षणिक दस्तावेज, आधार कार्ड के साथ उक्त नियत तिथि पर उपस्थित होकर अपना पंजीयन करवाने का आग्रह किया गया है।

## मछली और मुर्गा व्यवसायियों के पास नहीं पहुंच रहा कचरा संग्रहण वाहन

बचेली,23 सितंबर। शहर के मध्य स्थित चिकन मछली मार्केट का कचरा वार्ड क्रमांक 15 के संम्प्लेक्स नाला मे पिछले कई महीनों से फेका जा रहा है।

नाले में फेके जा रहे,इस कचरे के बदबू से आसपास के वार्ड वासी तथा इस सड़क से गुजरने वाले हर व्यक्ति परेशान हैं। विदित हो कि जहाँ कचरा फेका जा रहा हैं, उस स्थान से कुछ मीटर नीचे ही छठ घाट बना हुआ है। जो शहर का आस्था का एक केंद्र हैं। तथा आस पास के ग्रामीण निस्तारी और दैनिक उपयोग के लिए इसी नाले का इस्तेमाल करते हैं। मार्केट के व्यवसायी सफाई के लिए नगरपालिका के कचरा वाहन के नहीं आने कि बात कह रहे हैं।इस सम्बन्ध मे नगरपालिका अधिकारियों से संपर्क करने पर उन्होंने त्वरित कार्यवाही करते हुए सफाई का काम करवा दिया। तथा मटन मार्केट मे जाने वाले सफाई वाहन के खराब होने की बात कही।उन्होंने यह भी कहा यदि किसी को मटन मार्केट का कचरा नाले में फेंकते हुए पकड़ा या देखा जाता है,तो उसके विरुद्ध जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी। मटन मार्केट के कचरा निस्तारण के लिए जगह पहले से निर्दिष्ट की जा चुकी है।

## मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग पूरी की

जशपुरनगर, 23 सितम्बर । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिले के सुदूर अंचलों में सड़क सुविधा विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।अब जिले के दुलदुला क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण सड़क मार्गों के निर्माण कार्यों को स्वीकृति मिल गई है, निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात जल्द ही इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू कर दी जाएगी। इन सड़कों के निर्माण से न सिर्फ ग्रामीण अंचलों का संपर्क बेहतर होगा, बल्कि लोगों को आवागमन में भी बड़ी राहत मिलेगी। मिली जानकारी के मुताबिक जिले के विपतपुर बासनताला, कोदोपानी, झरगांव पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए 7 करोड़ 5 लाख रुपए की मंजूरी मिली है। इसके अलावा दूसरा कार्य रायडीह,डैम्बूलोगरा, बरटोली पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए 2 करोड़ ×7 लाख रुपए की मंजूरी मिली है।

क्षेत्र वासियों की बहुप्रतीक्षित मांग हुई पूरी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जताया आभारग्रामीणजन लंबे समय से इन सड़कों की मांग कर रहे थे।सड़क निर्माण की मंजूरी मिलने से लोगों में खुशी का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताते हुए कहा कि इन मार्गों के निर्माण से शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यवसायिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी। साथ ही बेहतर आवागमन की सुविधाएं मिलेगी।

## कांग्रेस सरकार के कार्यों का श्रेय ले रही है साय सरकार : सुशील मौर्य

जगदलपुर,23 सितंबर। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने साय सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार कराए गए कार्यों का झूठा श्रेय साय सरकार ले रही है। वास्तव में भाजपा की सरकार में विकास को लकवा मार गया है। दो साल बीत गए, साय सरकार के पास बताने को कोई उपलब्धि ही नहीं है।

कांग्रेस नेता सुशील मौर्य ने कहा है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा माहरा समाज, धुरवा समाज के सामाजिक भवन सहित कुल 22 समाजों को भूमि आबंटन और भवन निर्माण हेतु राशि स्वीकृत की गई थी, जिसका परिणाम अब देखने को मिल रहा है। बस्तर के आदिवासी समाज के बाद सबसे बड़े समाज माहरा समाज के लिए शहर के धरमपुरा में कीमती जमीन और भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत कर समाज की वर्षों से लंबित मांग को पूरा कर कांग्रेस सरकार ने बस्तर के सामाजिक उत्थान के लिए ऐतिहासिक और क्रान्तिकारी कदम उठाए थे। श्री मौर्य ने कहा पूरे 2 साल होने के बावजूद भाजपा सरकार में विकास की गति सिर्फ कछुए की चाल चल रही है। विकास को लकवा मार गया है। प्रदेश में भाजपा की साय सरकार ने बीते 2 सालों में एक भी विकास कार्य नहीं किया। वहीं पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में बने सामाजिक भवन का उद्घाटन कर सिर्फ वाहवाही लूट रही है। आखिर साय सरकार खुद के कार्य कब स्वीकृत करेगी? कब अपने कार्य का फीता काटेगी? या फिर कांग्रेस सरकार में स्वीकृत कार्यों का श्रेय ही लेते रहेगी।

## धरमपुरा में 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

जगदलपुर, 23 सितम्बर। धरमपुरा क्रीड़ा परिसर में 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ विधायक जगदलपुर श्री किरण देव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस मौके पर विधायक श्री किरण देव ने प्रतियोगिता में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को उम्दा प्रदर्शन करने हेतु उत्साहित करते हुए कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में सतत अभ्यास और निरन्तर प्रयास से ही सफलता मिलती है। हार-जीत प्रत्येक स्पर्धा में अवश्यंभावी है लेकिन स्पर्धा का हिस्सा बनकर अपना श्रेष्ठतम प्रदर्शन करना ज्यादा महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम की




अध्यक्षता सांसद श्री महेश कश्यप और विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर श्री संजय पांडे और अन्य जनप्रतिनिधी शामिल हुए।

विधायक श्री किरणदेव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पढ़ाई और खेलकूद में अनुशासन जरूरी है, जिससे जीवन के हर क्षेत्र में सफल हो सकते है। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन अपने-अपने जीवन का स्वर्णिम काल होता है। खूब मेहनत कर अपने जीवन में आगे बढ़ें। उन्होंने राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सांसद श्री महेश कश्यप ने कहा सभी खिलाड़ी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। खेल में हार-जीत लगे रहता है अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर अनुशासन के साथ खेल भावना के साथ खेलें। वहीं महापौर श्री संजय पांडे ने भी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को संबोधित किया। कार्यक्रम में स्कूली छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम के आरंभ में जिला शिक्षा अधिकारी श्री बीआर बघेल ने बताया कि इस चार दिवसीय 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत एथलेटिक्स ,रग्बी एवं हैडबाल खेल का आयोजन होगा। जिसमें प्रदेश के पांच जोन बस्तर, रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और सरगुजा शामिल हुए हैं।

### बाढ़ आपदा से निपटने मॉक ड्रिल 25 सितम्बर को

कांकेर, 23 सितम्बर। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में 25 सितम्बर दिन गुरूवार को प्रातः 10 बजे सिंगारभाट नगर सेना कार्यालय एवं ग्राम नंदनमारा स्थित पुराना पुल में बाढ़ आपदा पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। यह मॉक ड्रिल आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने तथा जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

## आईटीआई में अतिथि व्याख्याता पद पर भर्ती के लिए 25 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित

जगदलपुर, 22 सितम्बर। जिला बस्तर नोडल अंतर्गत संचालित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में स्वीकृत प्रशिक्षण अधिकारी के रिक्त पदों पर प्रशिक्षण सत्र 2025-2026 के लिये मेहमान प्रवक्ता हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन निर्धारित प्रारूप में स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड डाक अथवा स्वयं उपस्थिति के माध्यम से कार्यालय प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भानपुरी जिला-बस्तर (छ.ग.) 494224 में आवेदन जमा कर सकते है। इन्सटूमेन्ट मैकेनिक, वुड वर्क टेक्नीशियन और बेम्बू वर्क (बांस शिल्प) के एक एक पदों की भर्ती हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 25 सितम्बर को सायं 5 बजे तक है। उक्त रिक्त पदों हेतु अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता, अनुभव इत्यादि की जानकारी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बस्तर एवं भानपुरी के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

## महिला पॉलिटेक्निक के प्रशिक्षणार्थियों ने औद्योगिक क्षेत्रों का किया भ्रमण



जगदलपुर, 22 सितम्बर। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जगदलपुर के द्वारा गत दिवस महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज जगदलपुर के चार ट्रेडों में चिन्हांकित 20 महिला प्रशिक्षणार्थियों को औद्योगिक क्षेत्रों का विजिट कराया गया। जिसमें मसाला उद्योग, बेकरी उत्पाद एवं बास कला केंद्र से संबंधित उद्योगों की जानकारियां प्राप्त की व उद्योग से संबंधित उनकी विभिन्न शंकाओं को उद्योगपतियों के द्वारा दूर किया गया। साथ ही इन प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के मुख्य महाप्रबंधक श्री अजीत सुन्दर बिलुंग, सहायक प्रबंधक श्री प्रफुल्ल कुमार लाखन, उद्योग विभाग के अन्य अधिकारी और पॉलीटेक्निक के प्रशिक्षक श्री विपिन मिश्रा मौजूद थे ।

# जिला चिकित्सालय को मिली एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की सौगात

## कौशल्या साय ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कांकेर, 23 सितम्बर । सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' के तहत आज कोमलदेव शासकीय जिला चिकित्सालय को आधुनिकीकृत एम्बुलेंस की सुविधा प्रदाय की गई। एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट टेक्नालॉजी से सुसज्जित उक्त एम्बुलेंस को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय ने हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया। इस अवसर पर कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम भी उपस्थित थे।

शहर के एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में श्रीमती कौशल्या ने जिले में उक्त आधुनिक एम्बुलेंस की सुविधा के उपलब्ध होने पर उन्होंने जिलावासियों को बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट' टेक्नालॉजी से युक्त एम्बुलेंस मिलने से आपातकालीन चिकित्सा सेवा में निश्चित तौर पर विस्तार होगा तथा इससे अनेक लोगों की जानें बचाई जा सकेंगी। श्रीमती साय ने आगे कहा कि आदिवासी बाहुल्य बस्तर क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं में विस्तार एवं वृद्धि की महती आवश्यकता है, इसे दृष्टिगत रखते हुए यह एम्बुलेंस मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने सभी उपस्थितजनों को नवरात्रि पर्व की



शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं नशे के कारण तथा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने की वजह से होती हैं। यदि व्यक्ति को अपने परिवार, समाज तथा देश के प्रति जिम्मेदारियों का एहसास हो तो अनेक हादसों को टाला जा सकता है। इसके पहले, कांकेर विधायक श्री नेताम ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आदिवासियों के सच्चे हितचिंतक हैं। उन्होंने बताया कि गत सप्ताह मुख्यमंत्री श्री साय ने नरहरपुर प्रवास के दौरान जिले को 75 करोड़ से अधिक की सौगातें दी। सेवा पखवाड़ा के तहत जिला चिकित्सालय को आधुनिक तकनीकी युक्त एम्बुलेंस मिलना गर्व का विषय है। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक अनेक स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि कांकेर जिले में चिकित्सीय सुविधाओं को आगे बढ़ाते हुए डीएमएफ मद से लगभग 44 लाख रूपए की एएलएस एम्बुलेंस प्रदाय की गई। जिले में मेडिकल कॉलेज के अलावा नर्सिंग कॉलेज की भी स्वीकृति शासन द्वारा दी गई है, जिसके लिए मेडिकल कॉलेज के समीप ही भूमि का चिन्हांकन किया गया है।इस अवसर पर छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री भरतलाल मटियारा, नगरपालिका कांकेर के अध्यक्ष श्री अरूण कुमार कौशिक, पूर्व विधायक श्रीमती सुमित्रा मारकोले, नागरिक श्री महेश जैन के अलावा एसडीएम कांकेर श्री अरूण वर्मा, सीएमएचओ डॉ. आर.सी. ठाकुर सहित वरिष्ठ नागरिकगण और चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर के विद्यार्थी काफी संख्या में उपस्थित थे।

### शिविर में सफाई मित्र एवं स्वच्छता दीदीयों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया

राजनांदगांव 23 सितम्बर। भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार 17 सितम्बर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 नगर निगम द्वारा आयोजित किया जा रहा है। अभियन के तहत 22 सितम्बर से 24 सितम्बर तक आयोजित सफाई मित्रों का हैल्थ चेकअप व केन्द्र एवं राज्य शासन योजनांतर्गत लाभ प्रदान करने हेतु पंजीयन शिविर में आज नगर निगम सभागृह में सफाई मित्र एवं स्वच्छता दीदीयों का स्वास्थ्य परीक्षण के अलावा शासन की योजना का लाभ देने पंजीयन भी किया गया।स्वच्छता ही सेवा अभियान, रजत जयंती वर्ष 2025 के संबंध में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि शासन निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत स्वच्छोत्सव-स्वच्छ एवं हरित उत्सव अंतर्गत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर एवं स्वच्छता 2 अक्टूबर 2025 तक कराया जाना है।

## किरण देव ने नवरात्रि पर पदयात्री सेवा केंद्रों का उद्घाटन किया



जगदलपुर, 22 सितम्बर। नवरात्रि पर्व के पहले दिन विधायक जगदलपुर श्री किरण देव ने बस्तर में विभिन्न पदयात्री सेवा केंद्रों का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ उद्घाटन किया। इन केंद्रों का उद्देश्य नवरात्रि के दौरान पदयात्रियों को निःशुल्क सेवाएँ प्रदान करना है। नवरात्रि के अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठन और व्यावसायिक संगठन मिलकर पदयात्रियों के लिए सेवा केंद्र स्थापित करते हैं। इसी क्रम में श्री किरण देव ने जिया डेरा में आंध्र समाज और तितली गार्डन, डिमरापाल एवं केशलूर में बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा संचालित सेवा केंद्रों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री किरण देव ने छत्तीसगढ़ और बस्तर के निवासियों को नवरात्रि और बस्तर दशहरा पर्व की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने पदयात्री सेवा केंद्रों में सेवा कार्य करने वाले सभी संगठनों और लोगों की सराहना की और उन्हें साधुवाद दिया।

### गौधाम संचालन के लिए 6 अक्टूबर तक प्रस्ताव आमंत्रित

जगदलपुर, 23 सितम्बर । संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जगदलपुर द्वारा जिले में गौधाम संचालन के लिये इच्छुक संस्थाओं से 6 अक्टूबर 2025 तक रूचि की अभिव्यक्ति के तहत प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है। गौधाम स्थापना हेतु भूमि, गौधाम का उदेश्य क्रियान्वयन नियंत्रण, अनुश्रवण एवं अनुशीलन, गौधाम संचालन हेतु पात्र संस्थायें, गौधाम के संचालन हेतु पात्रता एवं कार्यालय, गौधाम संचालन हेतु चयनित संस्था का दायित्व, गौधाम हेतु मानव संसाधन, योजना का वित्त पोषण एवं शास्ति इत्यादि की जानकारी कार्यालय संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवायें चांदनी चैक जगदलपुर में कार्यालयीन दिवस एवं समय सुबह 10 बजे से 5:30 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही उक्त रूचि की अभिव्यक्ति संबंधी विस्तृत जानकारी जनसंपर्क की वेबसाइट www.jansampark.cg.gov.in में भी देखी जा सकती है।

# स्कूल काम्प्लेक्स के क्रियान्वयन के लिए सत्रह स्कूल के शाला प्रबंधन समिति के 70 सदस्यों ने की बैठक

धमतरी, 23 सितम्बर । छत्तीसगढ़ रा'य में अभी स्कूल काम्प्लेक्स योजना को विधिवत लागू नहीं किया गया है, लेकिन भविष्य में इसे बहुत जल्दी लागू करने की योजना एवम रणनीति बन रही है। नई शिक्षा नीति की अनुशंसानुरूप गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए यह आवश्यक भी है कि संकुल को 'यादा अधिकार देते हुए शिक्षा का गुणवत्तापूर्ण विकेंद्रीकरण किया जाए। नई शिक्षा नीति में संकुल प्राचार्य को गुणवत्ता की पूरी जिम्मेदारी दी जाएगी। विद्यालयों की प्रभावी मॉनिटरिंग के साथ साथ प्राथमिक,पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को अकादमिक सहयोग देने की बात नई शिक्षा नीति में कही गई है। इसके अतिरिक्त विद्यालय स्तर पर गठित समिति का उन्मुखीकरण करना भी संकुल प्राचार्य का दायित्व है।विद्यालयों में गठित समिति अपने अधिकार एवम दायित्वों का निर्वहन भी भली भांति करे। गठित समिति विद्यालयीन वार्षिक कार्य योजना के निर्माण एवम क्रियान्वयन की निर्णय प्रक्रिया में भागीदार बने। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखकर सिंगपुर संकुल के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने अभिनव पहल करते हुए सिंगपुर संकुल के अंतर्गत सत्रह प्राथमिक एवम माध्यमिक स्कूल के एस. एम.सी.सदस्यों के साथ बैठक करने का निर्णय लिया। बैठक में उपस्थित एस एम सी सदस्यों को स्कूल काम्प्लेक्स में होने वाले बदलाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके बाद विद्यालय स्तर पर समिति गठन करने के उद्देश्यों पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए संकुल प्राचार्य डॉ व्ही पी.चन्द्रा , व्याख्याता कल्याण कौशलएवम जितेंद्र ग्वाल ने कहा कि स्कूल के बेहतर संचालन के उद्देश्य से समिति का गठन किया गया है। समिति अपने अधिकार एवम दायित्वों को भली भांति समझे। विद्यालयों की सतत मॉनिटरिंग,विषयवार, माहवार ब'चों की प्रगति की समीक्षा,कमजोर ब'चों के अधिगम में वृद्धि हेतु योजना एवम रणनीति निर्माण का काम भी समिति का। विद्यालय में उपलब्ध भौतिक संसाधन का सदुपयोग एवम संसाधनों की पूर्ति करना भी समिति के दायित्व क्षेत्र में है। सदस्यों को स्पष्ट रूप से बताया गया कि समिति का काम केवल मासिक बैठक में उपस्थित होना नहीं है बल्कि विद्यालय संचालन की पूरी जिम्मेदारी समिति की है। ब'चों की नियमित एवम सतत उपस्थिति सुनिश्चित कराने का दायित्व भी समिति का है। स्कूल के बाद ब'चों को घर में पढ़ाने की जिम्मेदारी भी समिति को उठाने की जरूरत है । इसके लिए कुछ वालिंटियर बनाने से यह काम बखूबी हो सकता है। संकुल प्राचार्य एवम शिक्षकों के द्वारा की गई इस अभिनव पहल बैठक में एस एम सी सदस्यों में से मुख्यतः प्रीतम यादव,बिसाहिन बाई,पार्वती कौशल,चुनेश्वरी कंवर,रामरतन ध्रुव,हुसैन खान, आनन्द राम,कमलेश्वरी यादव,रायसिंह कमार,सहा बाई मरकाम,पिंकी बाई नेताम,नरेश मरकाम,महादेव,प्रीतम यादव, प्रमिला डहरिया, सतवन बाई, देवराज ध्रुव, चमरुराम नेताम,कन्हैयालाल ध्रुव, हरिश्चंद्र सलाम, दुधिया बाई, तुलसीराम नेताम,दसरू मरकाम, सुखवती, मिटजलेश कुमार ध्रुव, राजकुमारी, बसन्ताबाई, सन्तोषी बाई, भानमती बाई, मनोज सिन्हा, दुर्योधन सिंह ध्रुव,रमेश पहारिया,,गणेशराम,चन्द्रिका ध्रुव, चिंताराम ध्रुव, मनोज सिन्हा, डोमेश्वर राम, ओमप्रकाश, ललित दीवान, शेषकुमार, देवेंद्र कुमार ध्रुव, राजूलाल, पन्ना लाल, सीताबाई, सत्यवती ध्रुव एवं जगबाई उपस्थित थे। उपस्थित सभी सदस्यों ने नई नई जानकारी मिलने के कारण बैठक को बहुत ही रचनात्मक एवम सार्थक बताया । सभी सदस्यों ने बैठक में ही संकल्प लिया कि वे गाँव जाकर आम पालकों के साथ विद्यालय विकास हेतु बैठक आयोजित कर योजना एवम रणनीति का निर्माण करेंगे। कार्यक्रम के अंत में संकुल प्राचार्य के साथ उपस्थित सभी सदस्यों ने बैठक के सार को इन नारों के साथ दुहराया- हमर गाँव, हमर लईका, हमर स्कूल हमर जिम्मेदारी।

## एक नजर

### खाद्यान्न एवं पोषण आहार पहुंचाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता:संदीप

**महासमुंद, 23 सितंबर ।** छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष श्री संदीप शर्मा ने आज जिले में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। निरीक्षण कार्यक्रम के पश्चात उन्होंने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक ली, जिसमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा आदिम जाति कल्याण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान श्री शर्मा ने कहा कि हितग्राहियों तक समय पर खाद्यान्न एवं पोषण आहार पहुँचाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा हितग्राहियों तक योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुँचाने की है। इसके लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें और सुनिश्चित करें कि जिले में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए तथा अधिकारी नियमित रूप से फील्ड विजिट कर जमीनी हकीकत की जानकारी लें। उन्होंने सभी पीडीएस दुकानों में गठित निगरानी समिति को अधिक जवाबदेही बनाने और नियमित निरीक्षण करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के समय हितग्राहियों से भी चर्चा कर फीडबैक लें। श्री शर्मा ने कहा कि सरकार फोर्टिफाइड चावल के माध्यम से कुपोषण के स्तर को कम करना चाहती है। अतः सभी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन में नियमित रूप से फोर्टिफाइड चावल दिया जाए। साथ ही कहा कि अधिकारी निरीक्षण के दौरान निरीक्षण टीप अवश्य लिखें। अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि राशन के समय पर पहुंच तथा भंडारण की स्थिति का अधिकारी स्वयं जायजा लें। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों के शिकायत के लिए दीवार लेखन करें और शासन के टोल फ्री नम्बर को जारी करें।

### देवसराल माइनर निर्माण के लिए लंबित 29 भू-अर्जन प्रकरण का हुआ भुगतान

**महासमुंद, 22 सितम्बर।** राज्य शासन द्वारा जिले के जल संसाधन विभाग अंतर्गत बसना उपसंभाग की लोअर जोंक बैराज योजना के अंतर्गत देवसराल माइनर निर्माण हेतु लंबित भू-अर्जन प्रकरण का भुगतान प्रारम्भ हो गया है।जल संसाधन के कार्यपालन अभियंता श्री अजय खरे ने बताया कि इस प्रक्रिया के तहत अब तक देवसराल एवं सांकरा ग्राम के 29 किसानों को 48.86 लाख रुपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है, वहीं शेष किसानों का मुआवजा भी शीघ्र ही प्रदान कर दिया जाएगा। बसना विधानसभा विधायक श्री सम्पत अग्रवाल के सतत प्रयासों एवं मार्गदर्शन से यह भुगतान अल्प समय में हो पाया। इस पर किसानों ने खुशी जताते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं विधायक श्री सम्पत अग्रवाल का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव के सुशासन में केवल एक साल के भीतर ही प्रकरण को सुलझाकर मुआवजा दिलाया गया है, जिससे उनकी आर्थिक चिंताओं का समाधान हुआ है।

### अवैध रेत उत्खनन पर एक चेन माउंटेन वाहन जब्त

**महासमुंद, 23 सितम्बर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने हेतु खनिज विभाग द्वारा सतत कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में आज संयुक्त टीम द्वारा महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम केडियाडीह तहसील के महानदी क्षेत्र में अवैध रूप से अवैध रेत उत्खनन करते हुए एक चैन माउंटेन जप्त किया गया। वाहन को जब्त कर सुरक्षार्थ तुमगांव थाना में खड़ा किया गया है।

खनिज अधिकारी श्री योगेन्द्र सिंह ने बताया कि उक्त वाहनों पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस प्रकरण में 2 से 5 वर्षों की सजा का प्रावधान है और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कर न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा। पूर्व में भी खनिज पट्टेदारों एवं खनिज परिवहनकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिज का उत्खनन, परिवहन या भंडारण करना कानूनन अपराध है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज विभाग का विशेष अभियान सतत जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### दिव्यांग एवं वरिष्ठजनों के लिए बस पास शिविर का आयोजन 25,26 सितंबर को

**महासमुंद, 23 सितम्बर।** राज्य शासन के निर्देश एवं परिवहन विभाग के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में सेवा पखवाड़ा 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला परिवहन विभाग महासमुन्द द्वारा 25 एवं 26 सितम्बर 2025 को दो दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा।जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि शिविर का आयोजन जिला परिवहन कार्यालय परिसर में प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से शाम 05:30 बजे तक किया जाएगा, जिसमें दिव्यांगजन एवं 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के वृद्धजन बस पास बनवा सकेंगे। इसके लिए दिव्यांगजनो को आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं 2 पासपोर्ट साइज फोटो तथा वृद्धजन 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के लिए आधार कार्ड एवं 2 पासपोर्ट साइज फोटो आवश्यक है। शिविर का उद्देश्य दिव्यांग एवं वरिष्ठजनों को सुविधा प्रदान करना है, ताकि वे सरलता से अपना बस पास बनवा सकें।

### जिले के दौरे में छात्रावास,राशन दुकान,आंगनबाड़ी का निरीक्षण कर

# खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने योजनाओं की जमीनी हकीकत देखी



**महासमुंद, 22 सितंबर ।** छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा सोमवार को जिले के दौरे पर पहुंचे। यहां पहुंचकर श्री शर्मा ने सबसे पहले गुड़रूपारा स्थित छात्रावास का निरीक्षण किया। तत्पश्चात उन्होंने बेमचा में राशन दुकान,स्कूल एवं आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। यहाँ उन्होंने बच्चों को मिलने वाले पोषण आहार, टीकाकरण एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। बच्चों से संवाद कर उनके स्वास्थ्य और पढ़ाई की स्थिति जानी। उन्होंने छात्रावास में बच्चों के लिए बनाए गए भोजन का स्वाद भी चखा और सराहा। उन्होंनें कहा कि बच्चों को भोजन और शिक्षा के साथ-साथ सामान्य ज्ञान की भी बातें नियमित बताएं। अपने लक्ष्य के प्रति भी उन्हें सजग करें। आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण में बच्चों से संवाद किया तथा कार्यकर्ताओं को बच्चों की नियमित उपस्थिति व गुणवत्तापूर्ण पोषण आहार वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने खेल-खेल में शिक्षा और सामान्य ज्ञान पर भी जोर दिया।इसके बाद उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों का निरीक्षण किया। वहाँ राशन वितरण व्यवस्था, मशीनीकृत प्रणाली, उपभोक्ता पंजी और स्टॉक रजिस्टर की जाँच की। हितग्राहियों से चर्चा कर राशन की उपलब्धता एवं पारदर्शिता की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी एवं पूर्व पार्षद श्री महेन्द्र जैन मौजूद थे।

# आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत आदि सेवा पर्व का शुभारंभ

**मोहला 23 सिंतबर ।** आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिले में आदि सेवा पर्व का शुभारंभ किया गया। जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिला मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी के तीनों विकासखण्डों में आदि सेवा पर्व का आयोजन किया जा रहा है।

अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु 02 अक्टूबर 2025 तक आदि सेवा पर्व के दौरान धरती आबा कार्यक्रम के तहत चयनित 245 ग्रामो में ग्राम विजन् प्लान 2030 तैयार की जाना है। प्रत्येक ग्रामो में आदि सेवा केंद्रों का चयन किया गया है। जिसके लिए कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देशन में जिला, ब्लॉक, क्लस्टर एवं विलेज स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला के आयोजन होने से ग्रामीणों को अभियान से जुड़ने में मदद मिलेगी। प्रत्येक गांवो में कम से कम 20 आदि साथियों की सहायता से चर्चा कर ग्रामवासियो के द्वारा ग्राम विजन प्लान 2030 का प्रपत्र तैयार किया जाना है। ग्राम विजन प्लान 2030 को अंतिम रूप देकर 02 अक्टूबर 2025 को आयोजित विशेष ग्राम सभा में इनका अनुमोदन भी किया जाना है।

आदि कर्मयोगी अभियान के लिए जिले स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को जिला नोडल अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को सहायक नोडल अधिकारी एवं ब्लॉक नोडल ऑफिसर सम्बंधित जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को बनाया गया है।

# जल जीवन मिशन : पहले सुबह का समय पानी के इंतजाम में ही निकल जाता था,अब घर पहुंच रहा पानी

**रायपुर, 22 सितम्बर ।** हर घर नल से पानी पहुंचाने के मिशन 'जल जीवन मिशन' ने महिलाओं की जिंदगी बदल दी है। पहले सुबह का अधिकांश समय परिवार के लिए पानी के इंतजाम में बिताने वाली महिलाएं अब घर में नल से पानी आने के बाद राहत की सांस ले रही हैं। अब उन्हें बच्चों की परवरिश, पढ़ाई-लिखाई, खेती, मजदूरी और आजीविका के अन्य कार्यों के लिए पर्याप्त समय मिल जा रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने दंतेवाड़ा जिले के गीदम विकासखंड के बिंजाम ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन के माध्यम से 267 घरों में नल से जल पहुंचाया है। इससे गांववाले और वहां की महिलाएं काफी खुश हैं। गांव को ''हर घर जल ग्राम'' का दर्जा भी मिल गया है।बिंजाम के अधिकांश परिवार आजीविका के लिए खेती और मजदूरी पर आश्रित हैं। यहां पहले पेयजल का मुख्य स्त्रोत हैंडपंप ही था। पर अब जल जीवन मिशन से गांव के हर घर में नल से स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति हो रही है। जल आपूर्ति के लिए गांव में 16 किलोमीटर से अधिक पाइपलाइन बिछाई गई है। तीन उच्च स्तरीय जलागारों (पानी टंकियों) के माध्यम से हर घर तक पानी पहुंचाया जा रहा है।

पानीजल जीवन मिशन से हर परिवार को न केवल पर्याप्त जल मिल रहा है, बल्कि यह स्वच्छ और सुरक्षित भी है।

# जनदर्शन में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों ने बताई अपनी समस्याएं



**रायगढ़, 23 सितम्बर।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज कलेक्टोरेट परिसर में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदन पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में तहसील पुसौर के ग्राम गोर्रा निवासी समारू चौहान ने अपने मकान की छत के ऊपर से गुजर रहे 11 केवी विद्युत तार को हटवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि यह तार काफी ढीला हो चुका है और छत के बेहद पास होकर लटक रहा है, जिससे शॉर्ट सर्किट की घटनाएं हो सकती है और जान-माल का खतरा बना हुआ है। समारू ने यह भी बताया कि इस संबंध में उन्होंने कुसमुरा विद्युत केंद्र में पहले भी शिकायत किए थे, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। कलेक्टर ने कार्यपालन अभियंता, विद्युत विभाग को मामले पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इसी तरह ग्राम पंचायत कोसमनारा के ग्रामीणों ने गांव के देवस्थल पर हुए अवैध कब्जे को हटाने की मांग को लेकर आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि यह देवस्थल तालाब के पास स्थित है, जहाँ वर्षों से ग्रामीण धार्मिक अनुष्ठान व पूजा-पाठ करते आ रहे हैं। किंतु गांव के ही कुछ लोगों द्वारा वहां जबरन कब्जा कर मकान निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं, ग्राम कोड़ातराई की धनमती सिदार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास की मांग करते हुए बताया कि उनका परिवार गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करता है और वर्तमान में जिस मकान में वे रह रहे हैं,।

# श्रीरामलला दर्शन एवं मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना से श्रद्धालुओं के सपने हो रहे पूरे:ओपी चौधरी



**रायगढ़, 23 सितम्बर।** जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा नगर निगम ऑडिटोरियम में श्रीरामलला दर्शन योजना एवं मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में शामिल वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान हेतु भव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने भगवान श्रीराम की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान रामायण की आरती से पूरा वातावरण राममय हो गया। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने श्रद्धालुओं को पुष्पगुच्छ भेंटकर एवं चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। सम्मेलन में श्रीरामलला दर्शन योजना एवं मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की अविस्मरणीय स्मृतियों को संजोए हुए वीडियो प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र बनी। इस कार्यक्रम में नगर निगम रायगढ़ महापौर श्री जीवर्धन चौहान, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री दीपक सिदार, नगर निगम सभापति श्री डिग्रीलाल साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा खलखो, श्री अरूणधर दीवान, श्री रविन्द्र गबेल, श्री श्रीकांत सोमावार, श्री विकास केडिया, श्री सतीश बेहरा, श्री पवन शर्मा, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत सीईओ श्री जितेंद्र यादव सहित प्रशासनिक अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि आज का दिन अत्यंत शुभ और ऐतिहासिक है। इस सम्मेलन के माध्यम से श्रद्धालुओं का सम्मान करना उनके लिए आत्मिक सुख और संतोष का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम भारतीय संस्कृति के मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। उनका छत्तीसगढ़ से गहरा नाता रहा है। माता कौशल्या छत्तीसगढ़ की बेटी थीं और इसी कारण भगवान श्रीराम को हम भांजा मानते हैं। वित्तमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि त्रेता युग में भगवान श्रीराम का वनवास 14 वर्ष में समाप्त हो गया था, किंतु कलयुग में राम मंदिर निर्माण का संघर्ष 500 वर्षों तक चला।

# ओपीडी के समय ड्यूटी पर उपस्थित रहें डॉक्टर्स:कलेक्टर



**रायगढ़, 23 सितम्बर।** कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने समय-सीमा की बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से कहा कि कई बार शिकायतें मिलती हैं कि ओपीडी टाइमिंग में डॉक्टर अपनी ड्यूटी पर उपस्थित नहीं है। यह स्थिति स्वीकार्य नहीं है। जिला अस्पताल से लेकर समस्त शासकीय अस्पताल में सभी डॉक्टर्स और मेडिकल स्टाफ को निर्देशित किया जाए कि ओपीडी के लिए जो टाइमिंग निर्धारित की गई है उस समय अस्पताल में मरीजों के इलाज के लिए उपलब्ध रहें। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज के प्रगति की समीक्षा की।कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से कहा कि ट्रांसफार्मर के बॉक्स खुले हुए न रहे। इसके लिए शहर में एक निरीक्षण अभियान चलाकर ऐसे सभी बॉक्स बंद किया जाए। उन्होंने फील्ड पर काम कर रहे विद्युतकर्मियों को भी मरम्मत के पश्चात सतर्कता बरतते हुए बॉक्स को अनिवार्य रूप से बंद करने के निर्देश दिए। शहर के बीच से होकर भारी वाहनों की आवाजाही को लेकर कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने ट्रैफिक डीएसपी को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने धान खरीदी की तैयारियों को लेकर समीक्षा की। उन्होंने जिले की सीमा पर चेक पोस्ट बेरियर स्थापित करने तथा विभागीय कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। साथ ही उपार्जन केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जनदर्शन के लंबित आवेदनों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने आवेदनों के लंबित होने के कारणों की जानकारी विभागीय अधिकारियों से ली।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से बदल रही जिंदगी



**रायगढ़, 23 सितम्बर।** सूरज की किरणें अब केवल जीवनदायिनी शक्ति ही नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और आर्थिक मजबूती का नया स्रोत भी बन चुकी हैं। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने आम उपभोक्ताओं को ऊर्जा उपभोक्ता से ऊर्जा उत्पादक बना दिया है। रायगढ़ जिले में यह योजना सैकड़ों परिवारों के जीवन को नई रोशनी दे रही है। अब तक जिले में 300 से अधिक घरों की छत पर सौर पैनल लगाए जा चुके हैं। इस योजना का लाभ उठाने वाले परिवारों के अनुभव ही इसकी असली सफलता की कहानी बयां कर रही हैं।

लोहरसिंह गांव के ईश्वर प्रसाद नायक ने बताया कि 3 किलोवॉट का सोलर प्लांट लगाने के बाद अप्रैल में 267 यूनिट बिजली उत्पन्न हुई। उन्हें 577 रुपए की छूट मिली। मई में उनका पूरा उपभोग सौर ऊर्जा से पूरा हुआ और बिल शून्य हो गया। रायगढ़ के प्रदीप मिश्रा और प्रदीप पटेल ने बताया गया कि इस योजना ने उन्हें आर्थिक राहत के साथ मानसिक शांति और आत्मनिर्भरता का अहसास भी कराया। हीरापुर कोतरा रोड के राजेंद्र चौरसिया ने बताया कि जुलाई में उनके 3 किलोवॉट प्लांट से 507 यूनिट बिजली उत्पन्न हुई। उन्हें 4,178 रुपए की छूट मिली। वे अब अतिरिक्त बिजली ग्रिड में देकर हर महीने हजारों रुपये की बचत कर रहे हैं।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम उपभोक्ताओं को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का एक सशक्त माध्यम है। उपभोक्ता न केवल घरेलू जरूरतें पूरी कर सकते हैं, बल्कि अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में बेचकर अतिरिक्त आमदनी भी अर्जित कर सकते हैं। विभागीय टीमें गांव-गांव जाकर नागरिकों को योजना का लाभ समझा रही हैं। यह योजना केवल सस्ती बिजली तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उपभोक्ताओं को बचत और अतिरिक्त कमाई का अवसर देती है। परिवारों को आर्थिक सशक्तिकरण प्रदान करती है। पर्यावरण संरक्षण और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देती है।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 1 किलोवाट प्लांट से प्रतिमाह लगभग 120 यूनिट बिजली उत्पादन होता है। इसमें केंद्र सरकार 30 हजार रुपए एवं राज्य सरकार 15 हजार रुपए सब्सिडी प्रदान करती है। 2 किलोवाट प्लांट से प्रतिमाह लगभग 240 यूनिट बिजली उत्पादन होता है। इसमें केंद्र सरकार 60 हजार रुपए एवं राज्य सरकार 30 हजार रुपए सब्सिडी देती है। 3 किलोवाट प्लांट से प्रतिमाह लगभग 360 यूनिट बिजली उत्पादन होता है। इसमें केंद्र सरकार 78 हजार रुपए एवं राज्य सरकार 30 हजार रुपए सब्सिडी देती है। शेष राशि उपभोक्ता स्वयं वहन करेंगे, जिसे बैंक ऋण सुविधा के माध्यम से भी प्राप्त किया जा सकता है। योजना का लाभ पूरी तरह ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से दिया जा रहा है।

### जिले में 1272.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़, 23 सितम्बर।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 22 सितम्बर तक 1272.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 12.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1478.9 मिली मीटर, पुसौर में 1381.4, खरसिया में 1161.5, घरघोड़ा में 1258.6, तमनार में 994.8, लैलूंगा में 1093.9, मुकडेगा मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# सौर ऊर्जा बना आत्मनिर्भरता का प्रतीक

**रायपुर, 23 सितम्बर ।** छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना लोगों के लिए ऊर्जा आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बन रही है। इस योजना के तहत घरों की छत पर सब्सिडी पर सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं, जिससे न केवल मासिक बिजली बिल में भारी कमी आ रही है बल्कि लोग अतिरिक्त बिजली बेचकर आय अर्जित करने का मार्ग भी खोल रहे हैं।बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के श्री रोहित गुप्ता ने इस योजना का लाभ लेकर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट अपने घर पर स्थापित किया। केंद्र सरकार से 78 हजार और राज्य सरकार से 30 हजार रुपये की सब्सिडी मिलने से यह व्यवस्था उनके लिए किफायती साबित हुई। श्री गुप्ता ने बताया कि अब उनका बिजली बिल लगभग समाप्त हो गया है और जल्द ही वे अतिरिक्त बिजली को विभाग को बेचकर आय अर्जित करने की तैयारी कर रहे हैं।

शासन द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों के कारण प्रदेश के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में लोग तेजी से इस योजना से जुड़ रहे हैं। अब तक हजारों घरों में सोलर सिस्टम लगाए जा चुके हैं, जिससे बिजली बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिल रहा है।

### अभिभावकों ने की शिक्षक की युक्तियुक्तकरण की सराहना

# नानदमाली शाला में शिक्षक पदस्थापना से बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता सुधरी



**सरगुजा 23 सितम्बर।** प्राथमिक शाला नानदमाली में विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए राज्य शासन ने युक्तियुक्तकरण कर अतिरिक्त शिक्षकों की पदस्थापना की गई, जिससे विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण पूरी तरह बदल गया है। शिक्षक पदस्थापना से बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार आई है, जिसकी सराहना अभिभावकों ने की। प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर चलाए जा रहे शिक्षक युक्तियुक्तकरण अभियान के परिणाम अब जमीनी स्तर पर दिखाई देने लगे हैं। इसी कड़ी में

सरगुजा जिले के नानदमाली प्राथमिक शाला में वर्तमान में 123 विद्यार्थी दर्ज हैं। पहले शिक्षकों की कमी से पढ़ाई प्रभावित हो रही थी, लेकिन युक्तियुक्तकरण के तहत नवीन पदस्थापना होने से अब विद्यालय में कुल 5 शिक्षक उपलब्ध हैं, जिसमें प्रधान पाठक श्रीमती पुष्पा बड़ा, सहायक शिक्षक श्री दीनानाथ कैवर्त, सहायक शिक्षक श्रीमती पुष्पा पंडो, सहायक शिक्षक श्री हरी चंद पटेल, युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत सहायक शिक्षक श्रीमती नीलिमा सिंह नवीन पदस्थापना हुई है। दर्ज विद्यार्थी की दर से अब शिक्षकगण अपनी-अपनी कक्षा के विद्यार्थियों को पूर्ण लगन और उत्साह से पढा रहे हैं।

नवीन पदस्थापना के बाद पांचों शिक्षक अब बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर करने में लगे हुए हैं। विद्यालय में प्रत्येक कक्षा को समुचित शिक्षक मिलने से पढ़ाई अधिक व्यवस्थित और सरल ढंग से संचालित हो रही है। बच्चों को अब व्यक्तिगत मार्गदर्शन और पर्याप्त समय मिल रहा है, जिससे उनकी सीखने की क्षमता में उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है।

विद्यालय में हुए बदलाव को लेकर अभिभावकों ने खुशी जाहिर की है। उनका कहना है कि पहले कक्षाओं में शिक्षकों की कमी से बच्चों की पढ़ाई अधूरी रह जाती थी, लेकिन अब परिस्थितियां पूरी तरह बदल गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की इस पहल से न केवल विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर सुधर रहा है, बल्कि गांव का शैक्षिक वातावरण भी सकारात्मक बनता जा रहा है। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के मानकों के अनुरूप हर विद्यालय में शिक्षक-छात्र अनुपात संतुलित रखने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में ग्रामीण अंचलों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, ताकि किसी भी बच्चे का भविष्य संसाधनों की कमी से प्रभावित न हो। शिक्षक पदस्थापना से बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार हो रहा है।

### एकलव्य विद्यालय अंतागढ़ में 11वीं में लैटरल एंट्री से नामांकन 25 सितम्बर तक

**कांकेर, 23 सितम्बर ।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अंतागढ़ में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु कक्षा 11वीं में रिक्त सीटों पर लैटरल एंट्री के माध्यम से नामांकन का अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इसके तहत नामांकन 25 सितम्बर तक जाएगा।विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय लामकन्हार (अंतागढ़) में कक्षा 11वीं गणित,जीव विज्ञान, वाणिज्य संकाय की कुल 09 सीटें रिक्त हैं, जिन पर अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 01 अप्रैल 2025 की स्थिति में विद्यार्थी की अधिकतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। अभ्यर्थी कक्षा 10वीं उत्तीर्ण हो, छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी हो तथा छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा घोषित अनुसूचित जनजाति वर्ग का सदस्य हो।

एक नजर

## वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज से ऋषभ पंत बाहर



### ध्रुव जुरेल होंगे मुख्य विकेटकीपर

**नई दिल्ली, 23 सितंबर।** भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत आगामी दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज में वेस्टइंडीज के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे। यह सीरीज 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगी। भारतीय चयनकर्ताओं की बैठक 24 सितंबर को होने वाली है, जिसमें अजित अगरकर की अगुआई वाली समिति इस सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन करेगी। इस टीम में पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए घरेलू टेस्ट मुकाबलों की तुलना में दो खिलाड़ी कम होंगे।

ऋषभ पंत इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड में खेली गई एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दौरान चोटिल हो गए थे। मैनचेस्टर में हुए चौथे टेस्ट में उनके बाएं पैर में फ्रैक्चर हो गया था। हालांकि, उन्होंने पहली पारी में बल्लेबाजी की, लेकिन आखिरी टेस्ट से पहले उन्हें एन जगदीशन से रिप्लेस कर दिया गया।

वर्तमान में पंत बेंगलुरु स्थित BCCI के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस में रिहैब कर रहे हैं। वह कंडीशनिंग पर काम कर रहे हैं और मेडिकल टीम की अगली रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।

# कल पाकिस्तान करेगा भारत की जीत की दुआ

## एशिया कप फाइनल का गणित उलझा

**दुबई, 23 सितंबर।** क्या एशिया कप के सुपर-4 मुकाबले में भारत से हारने के बाद भी पाकिस्तान टीम टूर्नामेंट में आगे बढ़ सकती है? क्या कोई पड़ोसी देश अब भी एशिया कप का फाइनल खेल सकता है? एशिया कप के फाइनल में पाकिस्तान के भारत से खेलने की कितनी संभावना है? ये कुछ ऐसे सवाल हैं जो एशिया कप में चल रहे सुपर-4 के दौरान खूब पूछे जा रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या एशिया कप 2025 का फाइनल भारत और पाकिस्तान के बीच हो सकता है। लेकिन यहाँ यह समझना होगा कि टूर्नामेंट में पाकिस्तान की आगे बढ़ने की तस्वीर मंगलवार (23 सितंबर) को श्रीलंका के खिलाफ होने वाले मुकाबले पर निर्भर करेगी। यह मैच पाकिस्तानी टीम के लिए करो या मरो का है, श्रीलंकाई टीम के साथ भी यही स्थिति है।



अगर पाकिस्तानी टीम अबू धाबी में श्रीलंका के खिलाफ हार जाती है, तो उसका बोरिया-बिस्तर लगभग बंद हो जाएगा। फिर उसका आखिरी मुकाबला 25 सितंबर को बांग्लादेश से होगा। ऐसे में सिर्फ़ बांग्लादेश के खिलाफ जीतकर उसका फाइनल में पहुँचना लगभग नामुमकिन होगा। ध्यान दें कि सुपर-4 की शीर्ष 2 टीमें 28 सितंबर को दुबई में एशिया कप 2025 का फाइनल मैच खेलेंगी।

लंका-पाकिस्तान का एक ही लक्ष्य, जीत और जीत... श्रीलंका और पाकिस्तान ने लंबे समय से एक-दूसरे के खिलाफ टी20 मैच नहीं खेले हैं। आखिरी बार दोनों टीमें 2022 में टी20 में आमने-सामने हुई थीं।

2010 के दशक में, ये दोनों टीमें लगभग हर साल सीरीज खेलती थीं। श्रीलंका ने पाकिस्तान के खिलाफ अपने पिछले पांच टी20 मैच जीते हैं, जो अक्टूबर 2019 से जारी है। लेकिन पाकिस्तान ने यूएई में श्रीलंका के खिलाफ सात में से चार टी20 मैच जीते हैं। यानी यूएई की धरती पर लंका के सामने पाकिस्तान जैसा डंका बज रहा है।

तो पाकिस्तान में भारत की जीत की क्या दुआ है? अब सवाल यह है कि पाकिस्तान एशिया कप 2025 के फाइनल में कैसे पहुँच सकता है? पाकिस्तान मंगलवार यानी आज (23 सितंबर) को सुपर 4 राउंड में श्रीलंका के खिलाफ मैच खेलेगा। श्रीलंका ने ग्रुप बी में अपने तीनों मैच जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया था। जहाँ उसने बांग्लादेश, अफ़ग़ानिस्तान और हांगकांग को हराया था। लेकिन सुपर 4 में अपने पहले मैच में उसे बांग्लादेश से हार का सामना करना पड़ा था।

तो क्या पाकिस्तान में बांग्लादेश के खिलाफ जीत की दुआ की जाएगी? लेकिन उससे पहले, पाकिस्तान के लिए मंगलवार को श्रीलंका को हराना ज़रूरी है, वरना वह टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगा।

वहीं, 'मेन इन ब्लू' बुधवार को बांग्लादेश से भिड़ेगा और शुक्रवार को श्रीलंका से खेलेगा। ऐसे में भारतीय टीम कम से कम एक मैच जीतकर फाइनल में पहुँच जाएगी। लेकिन सूर्यकुमार यादव की टीम अपने 100% जीत के रिकॉर्ड को बरकरार रखने के लिए सुपर 4 के दोनों मैच जीतने की कोशिश करेगी।

अगर पाकिस्तान श्रीलंका को हरा देता है, तो पाकिस्तान की फाइनल में पहुँचने की उम्मीदें ज़िंदा रहेंगी। उनका अगला मैच गुरुवार को बांग्लादेश से होगा। रविवार (28 सितंबर) को खेले जाने वाले फाइनल में पहुँचने की पाकिस्तान की संभावना लगभग पक्की हो जाएगी, अगर वह बांग्लादेश को हरा देता है। क्योंकि तब पाकिस्तान के खाते में दो जीत दर्ज होंगी।

लेकिन अगर पाकिस्तान की टीम श्रीलंका से हार जाती है, तो वह दुआ करेगी कि भारतीय टीम बांग्लादेश को हर हाल में हरा दे। ऐसे में उसे अंत में बांग्लादेश को हराना ही होगा। अगर भारतीय टीम बांग्लादेश से हार जाती है, तो बांग्लादेश के फाइनल में पहुँचने की संभावना लगभग पक्की हो जाएगी।

## भारत से लगातार दो मैच हारने पर वसीम अकरम ने पाकिस्तानी टीम को लताड़ा



**दुबई, 23 सितंबर।** पाकिस्तान के दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने एशिया कप 2025 सुपर फोर में भारत के खिलाफ हार के बाद पाकिस्तान टीम की कड़ी आलोचना की है। अकरम ने साफ शब्दों में कहा कि पाकिस्तान को टीम इंडिया ने हर विभाग में मात दी। उन्होंने पाकिस्तान की बल्लेबाजी, गेंदबाजी और रणनीति सभी पर सवाल उठाए। अकरम ने कहा, 'भारत ने पाकिस्तान को हर विभाग में पछाड़ दिया और यह पिछले चार-पांच वर्षों से होता आ रहा है। हम (पाकिस्तान) केवल एक-दो बार ही जीत पाए हैं।'

अकरम ने ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर्स से बात करते हुए पाकिस्तान की बल्लेबाजी को भी निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि टीम 10 ओवरों में 91/1 के स्कोर पर अच्छी स्थिति में थी, लेकिन सिर्फ 171 रन ही बना पाई। अकरम ने कहा कि ऐसी स्थिति में टीम को 200 रन तक पहुंचना चाहिए था। उन्होंने खिलाड़ियों से घरेलू क्रिकेट और विशेषकर रेड-बॉल क्रिकेट खेलने पर जोर दिया। अकरम ने कहा, 'बहुत सारी कमजोरियां हैं। खिलाड़ियों को एक निश्चित मात्रा में रेड-बॉल क्रिकेट खेलनी चाहिए। यही तरीका है जिससे आप स्पिनर्स को समझ पाएंगे और बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे।'

अकरम ने पाकिस्तान की गेंदबाजी विभाग की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि जब आपके पास अच्छा स्कोर होता है और आप मजबूत टीम के खिलाफ खेल रहे होते हैं, तो मुख्य गेंदबाजों को पर्याप्त ओवर देने चाहिए। उन्होंने कहा, 'जब आप इतनी मजबूत टीम के खिलाफ खेल रहे हैं और बोर्ड पर अच्छा स्कोर है, तो आपको अपने मुख्य गेंदबाजों को कुछ ओवर देने चाहिए, चाहे वह शाहीन अफरीदी हों या कोई और। लेकिन आपने अबरार से ओवर करवाए। तब तक खेल खत्म हो चुका था।'

इस मुकाबले में भारत ने 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बेहतरीन शुरुआत की थी। अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने बेहतरीन शुरुआत दी और विस्फोटक बल्लेबाजी की। अभिषेक ने 39 गेंदों में 74 रन बनाते हुए टीम को विजयी लक्ष्य तक पहुंचने में मदद किया और प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। शुभमन गिल ने भी 47 रन की पारी खेली।

## उसैन बोल्ट एक अक्टूबर को भारत में खेलेंगे एग्जिबिशन फुटबॉल मैच

**मुंबई, 23 सितंबर।** महान फर्राटा धावक उसैन बोल्ट एक अक्तूबर को एक नुमाइशी फुटबॉल मैच के लिये भारत आएंगे। आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता महानतम खिलाड़ियों में से एक बोल्ट महान फुटबॉल खिलाड़ियों, बॉलीवुड हस्तियों और अन्य जाने माने लोगों के साथ फुटबॉल मैच खेलेंगे।

बोल्ट बेंगलुरु एफसी और मुंबई सिटी एफसी दोनों के लिए एक-एक हाफ में खेलेंगे। वह 30 सितंबर से शुरू हो रहे प्यूमा के दो दिवसीय जश्न के सिलसिले में यहां आ रहे हैं। फैंस को इस मैच के लिए टिकट



खरीदने होंगे। प्यूमा भारत के प्रबंध निदेशक कार्तिक बालागोपालन ने कहा, 'हमारा मानना है कि खेलों में समुदायों को प्रेरित करने और एकजुट करने की ताकत है। फुटबॉल भारतीय युवाओं में सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है और उसेन बोल्ट को यहां फुटबॉल खेलने के लिये बुलाकर हम इसका जश्न मनाना चाहते हैं।'

**फुटबॉल के प्रति बोल्ट का जुनून**


ट्रैक से बाहर भी बोल्ट हमेशा फुटबॉल के लिए जुनूनी रहे हैं। बचपन में वह अक्सर फुटबॉल खेलते थे और मैदान पर अपनी रफ्तार और स्किल दिखाने का सपना देखते थे। एथलेटिक्स से संन्यास लेने के बाद भी उन्होंने इस खेल को गंभीरता से अपनाया, ट्रेनिंग की, ट्रायल और एग्जिबिशन मैच खेले और गोल भी दागे।

## वूमेन्स वर्ल्ड कप से ठीक पहले डिफेंडिंग चैंपियन को लगा तगड़ा झटका

### धाकड़ खिलाड़ी हैरिस पूरे टूर्नामेंट से बाहर

**नई दिल्ली, 23 सितंबर।** भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में ICC वूमेन्स वर्ल्ड कप का 30 सितंबर से आगाज होने जा रहा है। वूमेन्स वर्ल्ड कप का यह 13वां संस्करण होगा, जिसमें ऑस्ट्रेलिया की टीम अपने खिताब का बचाव करने उतरेगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम 1 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ इंदौर में अपने अभियान का आगाज करेगी। इस मुकाबले से सिर्फ एक हफ्ते पहले ही ऑस्ट्रेलियन टीम को तगड़ा झटका लगा है।

ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर ग्रेस हैरिस को वर्ल्ड कप 2025 से बाहर होना पड़ा है। हैरिस भारत के खिलाफ 20 सितंबर को खेले गए तीसरे और



अंतिम ODI में चोटिल हो गई थी। भारतीय पारी के दौरान फील्डिंग करते हुए उनकी पिंडली में खिंचाव आ गया था। उनके पूरी तरह से ठीक होने में लंबा वक्त लग सकता है। ऐसे में उनका वर्ल्ड कप खेलने का सपना चकनाचूर हो गया है। बता दें, तीसरे ODI में जीत दर्ज करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 2-1 से सीरीज अपने नाम की थी।

**रिप्लेसमेंट का हुआ ऐलान**

हैरिस को उनके धमाकेदार बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है, खासकर निचले क्रम में बड़े शॉट लगाने के लिए। उनके नाम इंटरनेशनल क्रिकेट में 21 विकेट हैं। अब तक उन्होंने 12 ODI मैचों में 12 विकेट चटकाए हैं।

हैरिस की जगह अब 28 साल की हीथर ग्राहम को टीम में शामिल किया गया है। ग्राहम वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के शुरुआती दो महिला नेशनल क्रिकेट लीग मैचों के बाद भारत में टीम से जुड़ेंगी। वह तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हैं और 6 इंटरनेशनल मैचों में शिरकत कर चुकी हैं, जिनमें उनके नाम 9 विकेट दर्ज हैं। लंबे समय बाद हीथर ग्राहम के पास वनडे खेलने का मौका है। उन्होंने अपना आखिरी वनडे मैच अक्टूबर 2019 में खेला था।

वर्ल्ड कप 2025 के लिए ऑस्ट्रेलिया की अपडेटेड टीमः एलीसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, एश गार्डनर, किम गार्थ, हीथर ग्राहम, अलाना किंग, फोबे लिचफील्ड, ताहलिया मैक्ग्रा, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलीस पेरी, मेगन शट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेरेहम।

व्यापार

## जीएसटी के नए रेट लागू होने से देश में इलेक्ट्रॉनिक्स बिक्री में जबर्दस्त उछाल

**नई दिल्ली, 23 सितंबर।** विशेषज्ञों ने मंगलवार को कहा कि जीएसटी सुधार अब लागू हो चुके हैं और फेस्टिव सीजन में ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर अलग-अलग ऑनलाइन सेल के साथ देश की घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री में जबरदस्त उछाल देखा जा रहा है।

इंडस्ट्री के जानकारों ने एयर कंडीशनर, टेलीविजन और डिशवॉशर जैसे आइटम्स पर जीएसटी रेट कट का स्वागत किया है, जो कि 28 प्रतिशत से कम होकर अब 18 प्रतिशत रह गया है। आईसीईए के चेयरमैन पंकज मोहिंद्रू ने कहा कि यह उद्योगों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी। नए जीएसटी सुधार के साथ उपकरण सस्ते होंगे, घरेलू मांग बढ़ेगी, उपभोग को बढ़ावा मिलेगा, जो कि कुल मिलाकर भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग को




बढ़ाने में महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि हम मानते हैं कि जीएसटी सुधार आगे चलकर स्मार्टफोन और लैपटॉप के लिए भी पेश किए जाएंगे, जिसके साथ इन आइटम्स पर जीएसटी रेट को 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया जाएगा। इस कदम के साथ स्मार्टफोन और लैपटॉप की कीमत कम होगी और डिजिटल इंक्लूशन को भी बढ़ावा मिलेगा।

जीएसटी की नई दरें लागू होने के साथ ही देश भर में कंज्यूमर ड्यूरेबल स्टोर में ग्राहकों की संख्या में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की गई है। काउंटरपॉइंट के रिसर्च डायरेक्टर तरुण पाठक ने बताया, सेल के पहले दिन हमें शानदार प्रतिक्रिया देखने को मिली है। सभी चैनलों पर सकारात्मक माहौल है। इलेक्ट्रॉनिक्स में हमने देखा कि खरीद की पूछताछ कई तरह के प्रोडक्ट कैटेगरी को लेकर की जा रही है। यह कुछ खास प्रोडक्ट तक ही सीमित नहीं है, जो ग्राहकों की मजबूत रुचि को दर्शाता है। हम इस वर्ष एक बहुत अच्छा त्योहारों का मौसम होने की उम्मीद कर रहे हैं।

सरल जीएसटी स्ट्रक्चर और फेस्टिव सीजन के प्रमोशन आकर्षक डिस्काउंट्स के साथ मिलकर स्मार्टफोन की बिक्री को बढ़ा सकते हैं। सीएमआर में इंडस्ट्री रिसर्च ग्रुप (आईआरजी) के वाइस प्रेसिडेंट प्रभु राम ने कहा, कर की कम दरों के साथ डिवाइस सस्ते हो जाते हैं, जिससे लोग पुराने डिवाइस को अपग्रेड या बदल सकते हैं। अतिरिक्त डिस्पोजेबल इनकम के साथ ग्राहक नई खरीदारी को प्राथमिकता देंगे। ये सभी कारक प्रीमियम और किफायती स्मार्टफोन की बिक्री को बढ़ा सकते हैं।

## भारत में उत्पाद मानकों की जटिलता बीआईएस मॉडल में बदलाव की जरूरत

**नई दिल्ली, 23 सितंबर।** पिछले दशक में देश में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) अधिनियम के तहत गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों (क्यूसीओ) के माध्यम से उत्पाद मानकों को लागू करने का तरीका तेजी से बढ़ा है और अब यह 800 से अधिक उत्पाद श्रेणियां इसके दायरे में आती हैं।

अनिवार्य विनियमन में यह वृद्धि, उपभोक्ता संरक्षण में पहले से चली आ रही खामियों की पहचान और घटिया आयात से घरेलू उत्पादकों की सुरक्षा की बढ़ती इच्छा को दर्शाती है। हालांकि, सार्वजनिक स्वास्थ्य को संरक्षित करने और इसकी गुणवत्ता को बढ़ावा देने के इरादे के पीछे एक जटिल लेकिन समस्याग्रस्त वास्तविकता है। भारत का नियामकीय ढांचा बीआईएस पर केंद्रित है जो मानक तय करने, प्रमाणित करने और उसे लागू करने वाली संस्था है और इससे उद्योग की प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ताओं के हितों दोनों को नुकसान पहुंचने का खतरा है। वर्ष 2016 में बीआईएस अधिनियम में एक संशोधन ने अनिवार्य मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सरकार के अधिकार को व्यापक बनाया। यह बदलाव मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय व्यापार को ध्यान में रखकर किया गया था। भारतीय उत्पादों को विशेष रूप से विकसित बाजारों में सख्त तकनीकी नियमों का सामना करना पड़ा, जबकि भारत में आयात होने वाले सामान पर सीमित तकनीकी रोकटोक थी। इस प्रकार क्यूसीओ एक सामान अवसर उपलब्ध कराने के लिए रणनीतिक हथियार के रूप में उभरे। क्यूसीओ व्यापार में चुनौतियों के कारण जरूर बने होंगे लेकिन उपभोक्ता सुरक्षा में इनके महत्त्व को कम करके नहीं आंका जा सकता है।

तकनीकी नियमन को बढ़ाने की मुहिम, वैध उद्देश्यों पर आधारित है लेकिन यह भारत के नियम बनाने के तरीके पर गंभीर सवाल उठाती है। बीआईएस, पहले राष्ट्रीय मानक संगठन था और इसका काम स्वैच्छिक मानक तय करना और प्रमाणन देना था लेकिन उसे अब मानक तय करने, प्रमाणपत्र जारी करने और नियमों का पालन करवाने की भी जिम्मेदारी दे दी गई है। हालांकि इस तरह की बढ़ती भूमिकाएं दरअसल अंतरराष्ट्रीय स्तर के बेहतर चलन और विश्व व्यापार संगठन के व्यापार समझौते में तकनीकी बाधाएं जैसे दिशानिर्देशों के खिलाफ हैं जो हितों के टकराव को रोकने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए संस्थागत विभाजन की वकालत करते हैं। ज्यादातर विकसित अर्थव्यवस्थाओं में ये भूमिकाएं अलग-अलग होती हैं। नियामक एजेंसियां अनिवार्य तकनीकी नियम बनाती और उन्हें लागू करती है।

**शपथ पत्र**

मैं हरिश साहू पिता गिरीश साहू, जाति तेली, उम्र 41 साल, पता-वार्ड नं. 10, वीर नारायण सिंह नगर, दल्लीराजहरा, तहसील डौण्डी, जिला बालोद (छ.ग.) का निवासी हूं।

यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं।

यह कि मेरे नाम पर परिवहन विभाग से लाइसेंस क्रमांक सी.जी. 07, 20090012954 बना है. जिसमें मेरा हरिश कुमार पिता गिरीश कुमार अंकित है।

यह कि मेरा वास्तविक व सही नाम हरिश साहू पिता गिरीश साहू है, इसी नाम से लोग मुझे जानते, पहचानते, व पुकारते हैं, यही नाम मेरे आधार कार्ड क्रमांक 3178 8449 1640 में तथा मेरे पेन कार्ड व अन्य शासकीय दस्तावेजों में अंकित है। यही नाम मैं अपने उक्त वर्णित ड्रायविंग लाइसेंस में दर्ज कराना चाहता हूं। जिसकी पुष्टि में मुझे इस शपथ पत्र की आवश्यकता हुई है।

यह कि मेरे द्वारा उक्त में दी गई जानकारी सत्य वं सही है। गलत पाये जाने पर मुझ पर नियमानुसार कार्यवाही की जा सकती है, मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

यह कि मुझे इस प्रकार के शपथ पत्र की मांग सक्षम प्राधिकारी द्वारा मेरे ड्रायविंग लाइसेंस में अंकित नाम हरिश कुमार पिता गिरीश कुमार को विलोपित कर मेरे आधार कार्ड, पेनकार्ड एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर ड्रायविंग लाइसेंस में मेरा नाम हरिश साहू पिता गिरीश साहू अंकित कराने के प्रमाण की पुष्टि में हुई है।

अतः शपथ पत्र सादर प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

सत्यापन

मैं उपरोकता शपथकर्ता सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका 1 से 5 तक का कथन सही व सत्य है तथा शपथपत्र को पढ़कर समझकर स्वीकार कर सत्यापित करते हुए आज दिनांक........को अपना हस्ताक्षर किया।

शपथकर्ता

## हिंदुस्तान यूनि लीवर अक्टूबर में जारी करेगा तिमाही नतीजे

**नई दिल्ली, 23 सितंबर।** कमाई के नए सीजन की शुरुआत होने वाली है और BSE व NSE पर लिस्टेड कंपनियां अपनी दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर, FY 2025-26) के नतीजों की तारीखें घोषित कर रही हैं। देश की दिग्गज FMCG कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (HUL) ने भी अपने Q2 रिजल्ट्स की तारीख और समय बता दिया है।

कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में जानकारी दी है कि HUL की बोर्ड मीटिंग गुरुवार, 23 अक्टूबर 2025 को होगी, जिसमें सितंबर तिमाही और हाफ ईयर के नतीजे घोषित किए जाएंगे। साथ ही बोर्ड इंटरिम डिविडेंड (अंतरिम लाभांश) पर भी फैसला कर सकता है। कंपनी ने कहा है कि बोर्ड मीटिंग में शेयरधारकों के लिए अंतरिम डिविडेंड देने पर भी विचार किया जाएगा।

यह डिविडेंड अगर मंजूर हुआ, तो यह वित्त वर्ष 2025-26 (मार्च 2026 को खत्म होने वाले साल) का पहला अंतरिम डिविडेंड होगा। HUL ने बताया कि रिजल्ट्स और डिविडेंड के ऐलान को देखते हुए कंपनी के शेयरों में ट्रेडिंग पर रोक 15 सितंबर 2025 से लग चुकी है। यह विंडो 27 अक्टूबर 2025 को दोबारा खुलेगी।

कंपनी ने कहा है कि बोर्ड मीटिंग खत्म होने के बाद, 23 अक्टूबर 2025 को ही एनालिस्ट और निवेशकों के लिए प्रेजेंटेशन किया जाएगा।

## कॉरपोरेट बॉन्ड बाजार में उतरेंगी सरकारी कंपनियां

**नई दिल्ली, 23 सितंबर।** कॉरपोरेट बॉन्ड मार्केट में गतिविधियां जोर पकड़ने के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की कई कंपनियों के कॉरपोरेट मार्केट में निवेश करने की उम्मीद है। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति की समीक्षा से पहले पीएसयू यह कदम उठाएंगी।

सरकारी कंपनी पॉवर फाइनैंस कॉरपोरेशन की योजना मंगलवार को 2 वर्ष 20 दिन की परिपक्वता की अवधि वाले बॉन्ड से 3,500 करोड़ रुपये तक जुटाने की उम्मीद है। इसके अलावा नैशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर ऐंड रूरल डेवलपमेंट की 3 वर्ष 3 माह व 25 दिन की परिपक्वता अवधि वाले बॉन्ड से इस सप्ताह 7000 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना है। सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की योजना




गुरुवार को 10 माह की परिपक्वता अवधि वाले बॉन्ड से 600 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना है। इस तिमाही वैश्विक अनिश्चितता और कमजोर निवेश रुझानों के कारण पीएसयू सहित कई बॉन्ड जारी करने वालों ने दूरी बनाए रखी। हालांकि कॉरपोरेट बॉन्ड मार्केट दो माह की सुस्त गतिविधि के बाद सुधार के संकेत प्रदर्शित कर रही है। प्रमुख उधार लेने वाले जुलाई और अगस्त में सुस्त रहने के बाद वापसी कर रहे हैं। यह प्राथमिक मार्केट के जारी करने में मजबूती का संकेत है।

भारत की कंपनियों ने इस वित्त वर्ष के पहले चार महीनों में ऋण के जरिए 4.07 लाख करोड़ रुपये जुटाए थे।

हालांकि सरकारी और राज्य बॉन्ड की भारी आपूर्ति रही लेकिन दीर्घावधि, उच्च गुणवत्ता वाले पीएसयू व एएए रेटिड कॉरपोरेट बॉन्ड की कमी रही है। इसने संस्थाओं जैसे बीमा कंपनियों व पेंशन कोषों की जबरदस्त मांग का सृजन किया है जिन्हें ऐसे बॉन्ड की दीर्घावधि उत्तरदायित्वों के लिए जरूरत होती है।

## 3 नवंबर से यूपीआई पेमेंट में आएगा बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली, 23 सितंबर।** नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने यूपीआई सेटलमेंट सिस्टम में बड़ा बदलाव किया है। अब 3 नवंबर से ऑथराइज्ड और डिस्प्यूट सेटलमेंट को अलग-अलग किया जाएगा। एनपीसीआई का कहना है कि इस कदम से पेमेंट सिस्टम की कार्यप्रणाली और बेहतर होगी और रोजाना सेटलमेंट प्रक्रिया समय पर पूरी हो सकेगी। अभी तक यूपीआई में दिनभर में 10 सेटलमेंट साइकिल होती हैं, जिनमें ऑथराइज्ड और डिस्प्यूट दोनों तरह के लेन-देन शामिल रहते हैं। लेकिन अब नए नियम के तहतः 1 से 10 नंबर तक की साइकिल में सिर्फ ऑथराइज्ड ट्रांजैक्शन ही शामिल होंगे। इन साइकिलों में कोई भी डिस्प्यूट प्रोसेस नहीं किया जाएगा। कट-ओवर टाइमिंग और RTGS पोस्टिंग टाइमलाइन पहले की तरह ही रहेंगी।

एक नजर

## सूने मकान से लाखों रुपए के जेवर पार



**रायपुर, 23 सितम्बर।** विधायक कालोनी धरमपुरा में सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अनिल बघेल 60 वर्ष विधायक कालोनी धरमपुरा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। चोरी गए जेवर की कीमत करीब 1 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर पुष्पांजलि 25 को

**रायपुर, 23 सितबंर।** नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में एकात्म मानववाद सिद्धांत के प्रणेता महामानव पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती दिनांक 25 सितम्बर 2025 को प्रातः 11 बजे राजधानी शहर में तेलीबांधा रिंग रोड तिराहा के किनारे स्थित उनके प्रतिमा स्थल पर सादर नमन करने रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 9 के सहयोग से पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया है।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत

**कोरबा 23 सितंबर।** कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत राधा सागर तालाब में कल सुबह एक व्यक्ति की तैरती हुई बॉडी देखी गई। मृतक की पहचान कटघोरा निवासी जुगल अग्रवाल के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि सुबह नहाने के दौरान उसका पैर फिसल गया, जिसके चलते यह हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब सुबह तालाब में लोगों ने एक शव को पानी में तैरते देखा, तो अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद कुछ लोगों ने तत्काल शव को बाहर निकाला और पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही कटघोरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस बीच, घटना की जानकारी फैलते ही तालाब किनारे बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी एकत्र हो गए।

# अंबेडकर के डॉक्टरों ने दी मरीज को नई जिंदगी

## 100 प्रतिशत ब्लॉक हो चुकी चार नसों का किया सफल एंजियोप्लास्टी

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर 23 सितंबर।** पं. जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय और डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट (एसीआई) लगातार जटिल हृदय रोगों के इलाज में नई उम्मीद बन रहा है। हाल ही में यहां मध्यप्रदेश निवासी 60 वर्षीय मरीज की 100त ब्लॉक हो चुकी चार नसों की सफल एंजियोप्लास्टी की गई।

परिजनों के अनुसार मरीज लंबे समय से दवाइयों के सहारे जिंदगी जी रहे थे। मध्यप्रदेश के कई बड़े अस्पतालों ने एंजियोप्लास्टी करने से मना कर दिया था। इसी दौरान परिजनों को एसीआई में हुई पिछली सफल सर्जरी की जानकारी मिली और वे मरीज को रायपुर लेकर आए। मरीज ने बताया–जब कई बड़े अस्पतालों के डॉक्टरों ने हाथ खड़े कर दिए थे, तब एसीआई पर पूरा भरोसा कर यहां आया। डॉक्टरों से मैंने साफकहा कि जितना भी रिस्क हो, इलाज कीजिए। और सच में, यहाँ के डॉक्टरों ने मुझे नया जीवन दिया। कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव के नेतृत्व में यह प्रक्रिया पूरी की गई। राइट फीमोरल एंजियोप्लास्टी से ब्लॉक नसों को खोला गया। मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ हैं और जल्द डिस्चार्ज होंगे।

डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि 5 साल पहले भी मध्यप्रदेश से आए एक मरीज की जटिल लेजर एंजियोप्लास्टी सफल हुई थी। इस बार भी कठोर ब्लॉकेज को देखते हुए लेजर की तैयारी की गई थी, लेकिन सौभाग्य से सामान्य एंजियोप्लास्टी से ही बेहतरीन परिणाम मिल गए।

डीन डॉ. विवेक चौधरी ने बताया कि मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए विभाग को अतिशीघ्र एंजियोप्लास्टी के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने कहा– एसीआई अब न सिर्फ छत्तीसगढ़ बल्कि पड़ोसी राज्यों के मरीजों के लिए भी भरोसेमंद केंद्र बन चुका है।

# मॉर्निंग वॉक पर निकले टीचर पर डंडे से हमला

## बाइक सवार बदमाशों ने बेवजह गाली-गलौज कर पीटा




**रायपुर 23 सितंबर।** रायपुर में मॉर्निंग वॉक कर रहे एक टीचर पर हमला हुआ है। बाइक सवार तीन लड़कों ने इस पूरी वारदात को अंजाम दिया है। टीचर का कहना है कि लड़के अचानक पीछे से आए फिर गाली गलौज देने लगे। जब उन्होंने गाली देने से मना किया। तो उन पर डंडे से हमला कर दिया। मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के कुशालपुर के पास रिंग रोड का है। नरेंद्र दुबे ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई। वह राधा स्वामी नगर में रहते है। अभनपुर उपरवारा के हाई स्कूल में टीचर के पद पर है। 21 सितंबर की सुबह घर से मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। तभी सुबह 4:15 के करीब रिंग रोड के सर्विस रोड में कुशालपुर के पास पहुंचे थे। तभी पीछे से तीन लड़के बाइक पर आए। उन्होंने बिना कारण रास्ता रोक दिया। फिर गाली गलौज देने लगे। नरेंद्र ने जब आरोपियों को गाली गलौज देने से मना किया। तो लड़कों ने डंडे से जांघ पर जोरदार हमला किया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए। इस घटना में टीचर का मोबाइल भी टूट गया। आरोपी मौके से भाटागांव चौकी और फरार हो गए। इस मामले में टीचर ने पुलिस को शिकायत दी है। मामले में आगे की जांच जारी है।

## नक्सल संगठन कमजोर पड़ रहा : विजय शर्मा

**रायपुर, 23 सितंबर।** नारायणपुर में नक्सल के दो सेंट्रल कमेटी मेंबर को ढेर करने में सुरक्षाबलों ने कामयाबी पाई है. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस पर कहा कि लगातार मिल रही सफलताओं के बीच सुरक्षा बलों ने वरिष्ठ नक्सली कैडरों को मार गिराया गया है. नक्सलियों के वरिष्ठ नेतृत्व का खात्मा हो रहा है, उनका संगठन कमजोर पड़ रहा है. वर्ष 2026 तक सशस्त्र नक्सलवाद का सफाया कर दिया जाएगा.

वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नक्सलियों से बातचीत को लेकर विजय शर्मा की मानसिक स्थिति को अस्थिर बताए जाने पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरी मानसिकता स्थिर है कि बस्तर में विकास पहुंचे. इसके साथ ही सवाल किया कि ये (कांग्रेस) नक्सलवाद का खात्मा क्यों नहीं चाहते हैं. दरअसल, बड़ी संख्या में नक्सली समाज की मुख्यधारा में आना चाहते हैं. वहीं 51 महतारी सदन के लोकार्पण को लेकर विजय शर्मा ने कहा कि बड़े समय से माता-बहनों की मांग थी. 29 लाख महिलाएं स्व-सहायता समूह से जुड़ी हुई हैं. सभी के लिए रहने की बेहतर व्यवस्था होगी. स्व-सहायता समूह द्वारा महिलाओं का एक खास कार्यक्रम 'दीदी के गोठ' भी शुरू हो रहा है. महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए यह एक बड़ा कदम है. वहीं जीएसटी 2.0 को लेकर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा इस पर दुकानों तक पहुंचेगी. भाजपा के वरिष्ठ नेता दुकानों में पहुंचकर शॉपिंग करेंगे. इसके साथ ही उन्होने दुकानदारों से जीएसटी की जानकारी देने की अपील की है.

# विकासशील को मुख्य सचिव बनाने की कवायद शुरू

## 29 को आएंगे रायपुर, मंत्रालय में देंगे अपनी ज्वाइनिंग

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 23 सितबंर।** प्रदेश में नये मुख्य सचिव की तलाश अब समाप्त होने जा रही है। यहां पर चार अतिरिक्त मुख्य सचिव को सुपरसिड कर आईएएस विकासशील को मुख्य सचिव बनाने के लिए ताजपोशी शुरू हो गई है। यदि वे यहां आ जाते है तो उनकी पत्नी निधि छिब्बर को भी केंद्र से वापस बुलाना पड़ेगा।

सामान्य प्रशासन विभाग के अनुसार विभागीय सचिव ने विकासशील को बतौर मुख्य सचिव के पद पर ज्वाइनिंग देने के लिए एक पत्र भेज दिया है जिनके अनुसार अब 29 सितंबर को आने की संभावना है। वर्तमान में एसीएस सुब्रत साहू रेणु पिल्ले, मनोज पिंगुआ एवं ऋचा शर्मा को सुपरसिड कर विकासशील को मुख्य सचिव बनाने से वरिष्ठ अधिकारियों में आश्चर्य व्याप्त है। ज्ञात रहे विकासशील साहब एशिया डेव्लपमेंट अध्यक्ष पद पर बतौर चेयरमैन सिंगापुर में कार्यरत है। इसके पहले वे जल जीवन मिशन में कार्यरत थे। जल जीवन मिशन में उन्होंने कई उल्लेखनीय कार्य किये थे। यह यूनेस्को की महत्वाकांक्षी योजना है। इसे भारत सरकार के द्वारा संचालित किया जाता है राज्य में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के माध्यम से क्रियान्वित किया जाता है। यह योजना काफी सफल रही है।

### अमिताभ जैन को विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष बनाने की तैयारी

छग के मुख्य सचिव अमिताभ जैन 30 को अवकाश ग्रहण करने जा रहे है। उन्हें तीन महीने की कार्य अवधि में वृद्धि दी गई थी। जिसके चलते अब वे अपना कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। अब उन्हें विद्युत नियामक आयोग का अध्यक्ष बनाये जाने की तैयारी चल रही है। अमिताभ जैन बालोद जिले के कारोबारी परिवार से संबंध रखते हैं। वे एक होनहार छात्र है जिनका शैक्षणिक रिकार्ड अति उत्तम है। इसके अलावा मनोज पिंगुआ गृह सचिव ऋचा शर्मा वन विभाग रेणु पिल्ले स्वास्थ्य एवं सुब्रत साहू आवास पर्यावरण विभाग भी मुख्य सचिव की दौड़ में शामिल थे। अब विकासशील साहब के आने का इंतजार किया जा रहा है। यदि वे पदभार ग्रहण नहीं करते है तो नये सिरे से मुख्य सचिव के लिए कवायद करनी पड़ेगी।

## जिला पंचायत सीईओ ने साझा किए प्रशासनिक अनुभव

**रायपुर।** रायपुर जिले में संचालित प्रोजेक्ट अनुभव युवा प्रतिभाओं के लिए नई दिशा और ऊर्जा का स्रोत बनता जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को योग भवन, फुंडहर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए एक विशेष कक्षा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए अंतरराष्ट्रीय संगठनों की भूमिका एवं महत्ता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अपने व्यक्तिगत प्रशासनिक अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को परीक्षा में रणनीति, समय प्रबंधन और प्रभावी अध्ययन तकनीकों के बारे में मार्गदर्शन दिया। प्रोजेक्ट अनुभव के अंतर्गत जिले में पदस्थ अनुभवी प्रशासनिक अधिकारी प्रतियोगी परीक्षार्थियों को विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को लाभ मिल रहा है।

# सीएम साय ने धमतरी में 245 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 23 सितम्बर।** मुख्यमंत्री साय ने आज धमतरी जिला के मगरलोड विकासखंड के ग्राम करेली बड़ी में 245 करोड़ 80 लाख रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। उन्होंने कुरूद विधानसभा क्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय महतारी सदन शुभारंभ कार्यक्रम में 51 महतारी सदनों का लोकार्पण किया। इसके अलावा उन्होंने कुरूद विधानसभा क्षेत्र में 77 कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया जाएगा। यह सभी विकास कार्य जिले में महिलाओं के सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सिंचाई, सड़क, पेयजल, उद्योग, विज्ञान, पर्यटन और सामाजिक विकास जैसे विविध क्षेत्रों को नई दिशा देने वाले हैं।

ग्राम करेली बड़ी और भालूझूलन में औद्योगिक क्षेत्रों के लिए 16 करोड़ 61 लाख रूपए की लागत से आधारभूत ढांचा तैयार किया जाएगा मुख्यमंत्री ने इसके लिए भूमिपूजन भी किया। इसके अलावा जी-जामगांव औद्योगिक क्षेत्र में 6 करोड़ रूपए की राशि से निर्मित विभिन्न आधारभूत संरचनाओं का लोकार्पण भी किया। इन कार्यों से उद्योग और रोजगार की नई संभावनाएँ खुलेंगी।

मुख्यमंत्री साय ने शिक्षा और कौशल उन्नयन के लिए 27 करोड़ 67 लाख रूपए की लागत से आईटीआई भवन, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज और लाइवलीहुड कॉलेज भवन के लिए शिलान्यास भी किया। उन्होंने 7 करोड़ 53 लाख रूपए से बने कृषि महाविद्यालय भवन एवं छात्रावास का लोकार्पण भी किया। ये संस्थान युवाओं के लिए उच्च शिक्षा और कौशल विकास के प्रमुख केंद्र बनेंगे।

मुख्यमंत्री ने धमतरी जिले में 9 सड़कों के निर्माण और सुधार कार्यों का शिलान्यास भी किया। इन सड़कों पर 119 करोड़ 79 लाख रूपए खर्च किए जायेंगे। उन्होंने इसके साथ ही गौरव पथ योजना के तहत 1 करोड़ 70 लाख रूपए से बने गातापार और बकली मार्ग का भी किया। यह सभी नई सड़कें गाँवों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी।

मुख्यमंत्री ने मगरलोड विकासखंड के भेण्ड्री में 75 लाख रूपए की लागत से बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण भी किया। इससे ग्रामीण अंचलों तक स्वास्थ्य सेवाएँ और अधिक सुलभ होंगी। मुख्यमंत्री ने धमतरी जिले में जल जीवन मिशन के तहत लगभग 30 करोड़ रूपए की लागत के 39 कार्य का लोकार्पण किया। जिससे जिले की हर बस्ती 'हर घर जल' प्रमाणित होगी। उन्होंने कोडेबोड़ में सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत 26 करोड़ 37 लाख रूपए से निर्मित योजना का लोकार्पण किया। और महानदी नहर पर 4 करोड़ 29 लाख रूपए से क्रॉस रेग्युलेटर निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। इससे किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा और ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा।

मुख्यमंत्री ने गंगरेल में साइंस पार्क बनाने के लिए शिलान्यास किया। इस साइंस पार्क के बन जाने से बच्चों और युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ-साथ पर्यटन की नई संभावनाओं को भी बढ़ावा देगा।

## सीएम साय ने धमतरी के करेली बड़ी से 51 महतारी सदनों का किया लोकार्पण

**रायपुर 23 सितंबर।** मुख्यमंत्री साय ने आज धमतरी जिले के मगरलोड विकासखंड के करेली बड़ी गांव से प्रदेश के 51 महतारी सदनों का लोकार्पण किया। उन्होंने नवरात्रि के पावन पर्व के दौरान शुरू की गई महतारी सदन योजना को प्रदेश की माताओं और बहनों की तरक्की के लिए महत्वपूर्ण बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महतारी सदन योजना छत्तीसगढ़ को महिला-केंद्रित विकास का मॉडल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। महतारी सदन केवल महिलाओं की तरक्की का आधार ही नहीं बनेगा, बल्कि यह पूरे प्रदेश की तरक्की का आधार बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह महतारी सदन माताओं-बहनों की शक्ति, सम्मान और आत्मनिर्भरता का नया केंद्र होगा। महतारी सदन शिक्षा, कौशल और उद्यमिता के द्वार खोलेंगे। उन्होंने कहा कि इन सदनों में महिला स्व-सहायता समूहों को जोड़कर आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। माताएँ-बहनों के लिए महतारी सदन में सिलाई, कढ़ाई, बुनाई, हस्तशिल्प, कृषि-आधारित प्रशिक्षण और डिजिटल साक्षरता जैसे अनेक कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

# सीजी पीएससी की पूर्व सचिव आरती वासनिक 6 अक्टूबर तक रिमांड पर

## तीन और अन्य अधिकारी प्रश्न पेपर लीक करने के मामले में हिरासत में

■ मुख्य नगर संवाददाता




**रायपुर, 23 सितबंर।** सीजी पीएससी घोटाले में सीबीआई द्वारा हिरासत में ली गई आरती वासनिक को छह अक्टूबर तक रिमांड पर लिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार छग लोक सेवा आयोग में पूर्व सचिव के पद पर कार्यरत आरती वासनिक पर प्रश्न पत्र लिंक आउट करने का मामला है। इसके अलावा अन्य पदाधिकारी ध्रुव और तीन अन्य कर्मचारी भी गिरफ्तार किये गये है। पूर्व अध्यक्ष तामन सिंह सोनवानी को जेल भेज दिया गया है। यहां पर जिन अभ्यर्थियों ने पैसा देकर अपना चयन कराया था उन्हें भी हिरासत में लिया गया है।

राज्य सरकार द्वारा इस पूरे घोटाले की जांच सीबीआई से करायी जा रही है। जिसके कारण छग लोक सेवा आयोग में भर्ती को लेकर जो भी शिकायतें आई है उसमें तामन सिंह सोनवानी के परिवारजनों को भी गिरफ्तार किया गया है इन पर अलग अलग पदों के लिए पैसा लेने का आरोप है।

छग लोक सेवा आयोग शुरू से ही चर्चा में रहा है। प्रारंभिक वर्षों में हुई नियुक्ति को लेकर रैंकिंग में गड़बड़ी की गई थी अब ये लोग सुप्रीमकोर्ट की शरण में गये हैं इन्हें स्थगन आदेश मिला है जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री की सचिव सौम्या चौरसिया, पदमनी भोई, श्रीमती जैन प्रमुख है ये सभी स्थगन आदेश मिलने के कारण आक्सीजन पर जिंदा है। इसके कारण शासकीय कार्यालय में इनका मजाक बनाया जाता है।

इसके अलावा दो अन्य पुरुष अधिकारी भी है जो कि पद के विरुद्ध अलग अलग पदों पर बैठे हुए है। श्रीमती सौम्या चौरसिया पहले डिप्टी कलेक्टर इसके पश्चात वित्त विभाग के अधिकारी बनी थी। वे पिछले दो वर्षों से रायपुर जेल में हिरासत में थी जिन्हें अब जमानत पर छोड़ दिया गया है।

## पीएम आवास और अन्य योजनाओं के लाभ से दुवास बाई के जीवन में जगा आत्मविश्वास

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 23 सितबंर।** मूलभूत आवश्यकताओं में आवास सबसे महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण ने इसी सपने को साकार करते हुए ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित आवास उपलब्ध कराया है। कवर्धा जिले के जनपद पंचायत पंडरिया के ग्राम पलानसरी की 57 वर्षीय दुवास बाई इसका उदाहरण हैं, जिन्होंने अपने पक्के मकान के साथ जीवन में नया आत्मविश्वास पाया है। पति के निधन के उपरांत कठिन परिस्थितियों में जीवनयापन कर रही दुवास बाई का नाम आवास प्लस-2018 सूची में शामिल किया गया। वर्ष 2024-25 में योजना के तहत किश्तवार राशि सीधे खाते में हस्तांतरित की गई और आवास निर्माण पूर्ण हुआ। साथ ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत 90 दिवस का रोजगार भी मिला। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण, उज्ज्वला योजना से गैस कनेक्शन व चूल्हा, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना से निःशुल्क बिजली कनेक्शन तथा खाद्य विभाग से राशन कार्ड जैसी सुविधाओं ने इनके जीवन में आमूलचूल परिवर्तन किया। महतारी वंदन योजना से भी उन्हें प्रतिमाह आर्थिक सहयोग प्राप्त हो रहा है। दुवास बाई कहती हैं कि पक्का मकान, बिजली, गैस और सुलभ राशन से उनका जीवन सुरक्षित और सम्मानजनक बन गया है।

महत्वपूर्ण पहल

# शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति अब मोबाइल एप्प के माध्यम से होगी

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 23 सितबंर।** छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, अनुशासित एवं तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। विभाग ने 'विद्या समीक्षा केन्द्र' के अंतर्गत शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए एक विशेष मोबाइल एप्प विकसित किया है। यह एप्प अब गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है और इसे प्रत्येक शिक्षक द्वारा डाउनलोड कर पंजीयन करना तथा प्रतिदिन अपनी उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य किया गया है। इस व्यवस्था से शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति का रिकॉर्ड वास्तविक समय पर उपलब्ध रहेगा, जिससे विद्यालयीन अनुशासन और शिक्षा की गुणवत्ता दोनों में उल्लेखनीय सुधार होगा।

मंत्री स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य विभाग, छत्तीसगढ़ शासन श्री गजेंद्र यादव ने दिनांक 04 सितम्बर 2025 को आयोजित समग्र शिक्षा की समीक्षा बैठक में इस एप्प को तत्काल लागू करने के निर्देश दिए थे। हाल ही में मंत्रीजी गुजरात अध्ययन दौरे पर भी गए, जहाँ उन्होंने शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु अपनाई जा रही तकनीकी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। गुजरात मॉडल से प्रेरणा लेते हुए उन्होंने छत्तीसगढ़ में भी आधुनिक तकनीक आधारित उपस्थिति प्रणाली लागू करने पर बल दिया। छत्तीसगढ़ का यह एप्प गुजरात की व्यवस्था से भी अधिक उन्नत है, क्योंकि इसमें जियो-फेंसिंग फीचर शामिल किया गया है। इस तकनीक के माध्यम से शिक्षक तभी उपस्थिति दर्ज कर सकते हैं जब वे विद्यालय के निश्चित दायरे में उपस्थित हों। इससे यह सुनिश्चित होगा कि उपस्थिति केवल स्कूल परिसर के भीतर से ही दर्ज हो। गुजरात में प्रयुक्त एप्प में यह सुविधा उपलब्ध नहीं थी, जिसके कारण वहाँ कई बार शिक्षकों द्वारा घर से ही उपस्थिति दर्ज करने जैसी गड़बड़ियाँ सामने आती थीं। छत्तीसगढ़ शासन ने इस अनुभव से सीख लेते हुए इस एप्प को और अधिक सुरक्षित तथा विश्वसनीय बनाया है।

इस संदर्भ में जिला शिक्षा अधिकारियों महासमुंद, बेमेतरा, दंतेवाड़ा, सूरजपुर एवं रायगढ़ को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने जिलों में इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें और सभी विद्यालयों के शिक्षकगण को एप्प के प्रयोग हेतु आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करें।

## जैन संवेदना ट्रस्ट ने 9 बुजुर्गों को बांटे श्रवण यन्त्र

**रायपुर, 23 सितंबर।** राजस्व विभाग से रिटायर्ड खोरबाहरा राम साहू जांजगीर विगत 15 वर्षों से कम सुनाई देने की पीड़ा से व्यथित थे। समाचार पत्रों से पढ़कर उनके पुत्र के डी साहू ने जैन संवेदना ट्रस्ट से सम्पर्क किया और शनिवार को ऋषभदेव जैन मंदिर प्रांगण सदर बाजार में उन्हें श्रवण यन्त्र प्रदान किया गया। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि अनेक वर्षों बाद स्पष्ट सुनाई देने की प्रसन्नता उनके चेहरे पर झलक रही थी । बुजुर्ग ने संस्था को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर वीरेन्द्र डागा विशेष रूप से उपस्थित थे। विगत एक पखवाड़े में 70 श्रवण यन्त्र वितरित किये गए । जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा शनिवार को वर्द्धमान स्कूल कमासीपारा में बीजापुर की 72 वर्षीय लक्ष्मी चिलमुल के लिए उनकी पुत्री किरण रामटेके को श्रवण यन्त्र दिया गया । किरण ने बताया कि माँ पिछले दो साल से कम सुनाई देने से परेशान है। महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि संस्था द्वारा प्रति शनिवार को बच्चों बुजुर्गों को सुनने की मशीन देने का क्रम जारी है। जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा 10100 वीं मशीन का निःशुल्क वितरण किया गया। जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा मूक पशु पक्षियों की सेवा , मानव सेवा के अंतर्गत श्रवण यन्त्र , कृत्रिम हाथ , कैलिपर्स , वैशाखी , बी पी नापने की मशीन , शुगर टेस्टिंग मशीन का निःशुल्क वितरण तथा मानव कल्याण में साधर्मिक भाई बहनों के स्वावलंबी जीवन , व्यवसायिक उत्थान व विवाह योजना पर लगातार कार्य किये जाते हैं । इस सप्ताह के आर साहू , लक्ष्मी चिलमुल , विजया सोनी , रामेश्वर लकड़ा , शितुराम , ज़मीर भाई , शकीना बानो , राधेलाल जैन , किरण सोनवानी को श्रवण यन्त्र निःशुल्क दिये गए ।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26